Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 278 | गुरूवार, 09 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## महर्षि वाल्मीकि ने संसार के दुख दूर करने के लिए रामायण लिखी: भागवत

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने संसार में दुख को कम करने के लिए रामायण लिखी और भारतीयों को इस संस्कृति और परंपरा को मानवता के प्रति एक जिम्मेदारी के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। संघ प्रमुख ने कहा कि भगवान राम सदैव विद्यमान रहे हैं, लेकिन महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम को हर घर में लाने का कार्य किया।

संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में वाल्मीकि समाज सेवा मंडल द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में कहा कि भगवान राम हमें यह सिखाते हैं कि जीवन कैसे जीना चाहिए। उन्होंने कहा, "रामायण हमें बताती है कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को एक-दूसरे के साथ



कैसे व्यवहार करना चाहिए; एक आदर्श सेवक कैसा होना चाहिए और एक आदर्श मंत्री को राजा को कैसे मार्गदर्शन करना चाहिए। श्री राम इन गुणों का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, और उनके भक्त हैं भगवान हनुमान।" रामायण में भक्ति के अनगिनत उदाहरण हैं, जैसे विभीषण और सुग्रीव। विश्व संवाद केंद्र (संघ के प्रचारक) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में भागवत ने महर्षि वाल्मीकि की महानता को उजागर करते हुए कहा, "इन्हीं ने भगवान राम को हमारे जीवन में लाया। वाल्मीकि ने रामायण लिखी और इसे लोगों के साथ साझा किया क्योंकि उनका हृदय करुणा और सभी के प्रति एकता से भरा हुआ था।

### रामायण का काल लगभग 8,000 वर्ष पूर्व था: भागवत

भागवत ने सभी से इस विचार पर विचार करने का आग्रह किया। संघ प्रमुख ने कहा, "जीवन में हर प्रकार के व्यक्ति के लिए, वाल्मीकि की रामायण आचार-व्यवहार पर मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान अनुमानों के अनुसार, रामायण का काल लगभग 8,000 वर्ष पूर्व था। 8,000 वर्ष पूर्व के दृश्य को आज भी साकार किया जा सकता है, निरंतरता, मेहनत और लगातार प्रयास के माध्यम से, इसी जीवन में और इसी राष्ट्र में। उन्होंने कहा, "यह मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री पहली बार आ रहे भारत



नई दिल्ली। अफगानिस्तान तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत आने वाले हैं। 2021 में देश की सत्ता पर कब्जा करने के बाद यह किसी तालिबानी नेता की पहली भारत यात्रा होगी। यह यात्रा आर्थिक संबंधों और राजनयिक मान्यता की तलाश में क्षेत्रीय शक्तियों के साथ जुड़ाव बढ़ाने के तालिबान के प्रयासों को उजागर करती है।

अब तक, रूस एकमात्र ऐसा देश है जिसने तालिबान प्रशासन को औपचारिक रूप से मान्यता दी है।मुत्ताकी ने मंगलवार को मास्को में एक क्षेत्रीय बैठक में भाग लिया, जहां भारत, पाकिस्तान, ईरान, चीन और कई मध्य एशियाई देशों सहित अफगानिस्तान ने क्षेत्र में विदेशी सैन्य बुनियादी ढांचे की तैनाती का विरोध करते हुए संयुक्त बयान जारी किया। इस बयान को ट्रंप के काबुल के निकट बगराम सैन्य अड्डे पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने के घोषित उद्देश्य के विरोध का संकेत माना गया।

## दिल्ली हाई कोर्ट और चिड़िया घर के सामने पैदल पार पथ सात महीने पूरा किया जाए



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों पर नियंत्रण रखने वाली संबंधित एजेंसियों और एनएचएआइ (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) को निर्देश दिया है कि वह 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले 50 शहरों में पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पैदल पार पथ बनाने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करे। इसके लिए चरणबद्ध सर्वे शुरू किया जाए जिसमें अतिरिक्त पैदल पार पथ की जरूरतों का आकलन किया जाए। कोर्ट ने इन शहरों के 20 प्रतिशत सड़कों का सर्वे एक वर्ष में पूरा होने की उम्मीद जताई है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट और दिल्ली के चिड़िया घर के सामने मथुरा रोड पर पैदल पार पथ का काम सात महीने में पूरा करने का आदेश दिया है। यह आदेश जस्टिस जेबी पाडीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने सड़क सुरक्षा के मामले में मंगलवार को दिया।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 34 करोड़ की हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त, पांच गिरफ्तार



नई दिल्ली।

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर तीन अलग-अलग मामलों में 34.21 करोड़ रुपये मूल्य के संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा की तस्करी की कोशिश कर रहे पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर मुंबई सीमा शुल्क की हवाई अड्डा इकाई ने इन यात्रियों को सोमवार को उस समय गिरफ्तार किया जब वे विदेश से भारत में ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। पहले मामले में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने थाईलैंड के फुकेट से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे एक यात्री को रोका। उन्होंने बताया कि उसके सामान की जांच के दौरान, 6.37 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसका अवैध बाजार मूल्य लगभग 6.37 करोड़ रुपये है। दूसरे मामले में बैंकाक से आए एक यात्री को 17.86 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा के साथ पकड़ा गया।

## 2040 तक भारत बनेगा स्पेस सुपरपावर: इसरो प्रमुख बोले

नई दिल्ली।

इसरो की उपलब्धियों के बारे में नारायणन ने कहा, भारत अब 354 ट्रांसपोंडर और 73 जीबीपीएस उच्च-थ्रूपुट क्षमता वाले 18 संचार उपग्रहों का संचालन कर रहा है। अकेले जीसैट-11 उपग्रह का वजन 6,000 किलोग्राम है और यह उच्च दक्षता के साथ कार्य कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि भारत 2040 तक विकसित अंतरिक्ष क्षेत्र में अग्रणी देशों के साथ खड़ा होगा। प्रक्षेपण यान क्षमताओं में समानता हासिल करने की योजना पर काम चल रहा है।राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी)




2025 में इसरो प्रमुख ने कहा, 2040 तक, भारत प्रक्षेपण क्षमता, उपग्रह क्षमता, वैज्ञानिक मिशन और जमीनी उपकरणों के मामले में किसी भी अन्य विकसित अंतरिक्ष क्षेत्र में अग्रणी देश के बराबर होगा। उन्होंने दूरदर्शिता और दिशा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को श्रेय दिया। नारायणन ने स्वतंत्रता के बाद से भारत के तकनीकी परिवर्तन का वर्णन किया।

## सेटेलाइट संचार सेवा का वैश्विक नेतृत्व करेगा भारत 2033 तक 15 अरब डॉलर का हो जाएगा सेटकॉम बाजार

नई दिल्ली।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन अवसर पर टेलीकाम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत सेटेलाइट संचार सेवा का सिर्फ फायदा नहीं उठाएगा बल्कि सेटेलाइट संचार सेवा का बड़ा हब बनेगा, इस सेवा का बडा निर्यातक बनेगा और वैश्विक स्तर पर अपना नेतृत्व देगा।

उन्होंने कहा कि इस मकसद को अंजाम देने के लिए हम 900 करोड का निवेश कर रहे हैं जिसकी मदद से नेशनल सैटकाम मॉनिटरिंग फैसिलिटी का निर्माण किया जाएगा। यह एक विकसित सेंटर होगा जो भारत के स्पेक्ट्रम संपदा की रक्षा करेगा, उपग्रहीय संसाधनों की निगरानी करेगा। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम और ब्रॉडकास्टिंग को मिलाकर पिछले साल



तक भारत का सेटकॉम (सेटेलाइट संचार) बाजार चार अरब डॉलर का था जो वर्ष 2033 तक 15 अरब डॉलर का हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत डिजिटल रूप से कुशल श्रमिकों का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। सिंधिया ने कहा कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का दुनिया लोहा मान रही है और दुनिया के 20 देश भारत के डीपीआई मॉडल को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं। भारत में आज 36.5 करोड़ लोग 5जी का इस्तेमाल कर रहे हैं। 97 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं तो 94 करोड़ लोग ब्राडबैंड का उपयोग कर रहे हैं। ये आंकड़े इस बात को साबित करते हैं कि टेलीकाम सेक्टर में कभी विश्व पर निर्भर भारत अब आत्मनिर्भर बन रहा है। देश में 4जी सेवा का पूरा स्वदेशी पैकेज लांच किया गया है। देश के 500 से अधिक स्टार्टअप को वैश्विक स्तर के मुकाबले में भेजा जा रहा है। सिंधिया ने कहा कि भारत तकनीकी लेने वाले की जगह अब तकनीकी देने वाला बन रहा है। 6जी के बारे में उन्होंने कहा कि भारत का 6जी सस्ता भी होगा और स्वदेशी भी। वर्ष 2035 तक देश के जीडीपी में 6जी की मदद से 1.2 लाख करोड़ जोड़े जाने का अनुमान है।

## बिहार चुनाव में केंद्र सरकार पर भी लागू होगी आदर्श आचार संहिता

नई दिल्ली।

चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार से संबंधित घोषणाओं और नीतिगत निर्णयों के संदर्भ में चुनाव की आदर्श आचार संहिता (माडल कोड आफ कंडक्ट-एमसीसी) के प्रविधान केंद्र सरकार पर भी लागू होते हैं।

चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के तुरंत बाद यह चुनाव कोड लागू किया। चुनाव 6 और 11 नवंबर को होंगे और मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। बुधवार को जारी एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा, "आदर्श आचार संहिता केंद्र में मौजूद राजग सरकार पर भी लागू होगी, जब तक कि यह बिहार के लिए घोषणाओं/नीतिगत निर्णयों से संबंधित है।" चुनाव




प्राधिकरण ने यह भी कहा कि नागरिकों की गोपनीयता का सम्मान किया जाना चाहिए और निजी निवासों के बाहर कोई प्रदर्शन या पिकेटिंग नहीं होनी चाहिए। आयोग ने कहा,"भूमि, भवन या दीवारों का उपयोग झंडों, बैनरों या पोस्टरों के लिए मालिक की सहमति के बिना नहीं किया जाएगा।" चुनाव आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव को सरकारी, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से राजनीतिक दलों के ऐसे सामान को हटाने, किसी भी राजनीतिक पार्टी, उम्मीदवार या चुनाव से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आधिकारिक वाहनों या सरकारी आवास के दुरुपयोग पर रोकथाम के निर्देश जारी किए हैं और सार्वजनिक खजाने के खर्च पर विज्ञापनों के जारी होने पर भी प्रतिबंध लगाया है।

## भारत दौरे पर ब्रिटेन प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर, पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते से मिलने वाले अवसर बेजोड़ होंगे। भारत के साथ यह समझौता आर्थिक वृद्धि का लांचपैड है। वह चाहते हैं कि भारत के साथ यह व्यापार समझौता यथाशीघ्र मानवीय रूप से संभव बनाया जाए।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद पहली भारत यात्रा पर स्टार्मर बुधवार सुबह मुंबई पहुंचे।

दो दिवसीय इस यात्रा में ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ 125 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आया है जिनमें रोल्स रायस, ब्रिटिश टेलीकाम, डियाजियो, लंदन स्टाक एक्सचेंज और ब्रिटिश एयरवेज जैसी प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारी, उद्योगपति और विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी गुरुवार को मुलाकात होगी और दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर व्यापक चर्चा करेंगे। स्टार्मर ने कहा, "हमने जुलाई में भारत के साथ एक बड़ा व्यापार समझौता किया था, जो किसी भी देश के साथ किया गया सर्वश्रेष्ठ समझौता है। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। यह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि आर्थिक वृद्धि का लांचपैड है। भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उसके साथ व्यापार तेज व सस्ता होने वाला है।




### मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक गति को बढ़ावा देगा


ब्रिटिश एयरवेज के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीन डायल ने कहा, "भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक गति को बढ़ावा देगा। उत्तरी अटलांटिक में किसी भी यूरोपीय कैरियर का सबसे बड़ा नेटवर्क प्रदान करने वाली एयरलाइन के रूप में, हम भारत को अमेरिका और उसके बाहर भी जोड़ने में मदद करते हैं।"बयान के अनुसार, मुंबई के अलावा मैनचेस्टर हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए भी सीधी उड़ान शुरू होगी। यह लंदन के बाहर ब्रिटेन का एकमात्र हवाई अड्डा होगा, जो दोनों शहरों से जुड़ा होगा।

## जहरीला कफ सीरप बनाने वाली तमिलनाडु की कंपनी सील

नई दिल्ली।

तमिलनाडु सरकार ने कांचीपुरम जिले में स्थित उस दवा निमार्ता कंपनी को सील कर दिया है, जिसके जहरीले कफ सीरप 'कोल्ड्रिफ' के सेवन से मध्य प्रदेश में 21 बच्चों की जान जा चुकी है। राजस्थान में भी इसके इस्तेमाल से चार बच्चों की मौत हो चुकी है। फिलहाल कफ सीरप निमार्ता कंपनी का डायरेक्टर रंगनाथन फरार है। इस बीच, मध्य प्रदेश एसआइटी ने बुधवार को कांचीपुरम में सीरप निमार्ता कंपनी परिसर में दिनभर पूछताछ की और दस्तावेज खंगाले। प्रेट्र के अनुसार, तमिलनाडु के एक सरकारी अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार शाम को कफ सीरप कोल्ड्रिफ बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल को सील कर दिया गया।

तमिलनाडु खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने चार अक्टूबर को कहा था कि कफ सीरप निमार्ता कंपनी से एकत्रित नमूने जांच के दौरान मिलावटी पाए गए। उसके बाद कंपनी को तुरंत उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया गया। उधर सीरप बनाने वाली दवा कंपनी ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। तमिलनाडु सरकार ने एक अक्टूबर से 'कोल्ड्रिफ' की बिक्री पर प्रतिबंध भी लगा दिया था और बाजार से दवा का भंडार हटाने का आदेश दिया था। कोल्ड्रिफ में जहरीला रसायन डायथिलीन ग्लायकाल (डीईजी) मानक से 486 गुना अधिक (0.1 प्रतिशत से कम की जगह 48.6 प्रतिशत) मिलाने वाली तमिलनाडु के कांचीपुरम की श्रीसन फार्मास्युटिकल का डायरेक्टर डा. जी रंगनाथन फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए मध्य प्रदेश पुलिस की एसआइटी मंगलवार को कांचीपुरम पहुंची।



## संपादक की कलम से

# बंगाल में कैसा लोकतंत्र?


ललित शर्मा
संपादक

यह कैसा लोकतंत्र है? नहीं, यह लोकतंत्र नहीं हो सकता। यह कैसी कानून-व्यवस्था है? निर्वाचित सरकार के हाथ-पांव खून में सने हैं! केंद्रीय गृह मंत्रालय क्या कर रहा है? क्या उसने पश्चिम बंगाल की ओर आंखें मूंद रखी हैं? क्या सरकार से रपट तलब करना ही पर्याप्त है? क्या पुलिस कमिश्नर का तबादला कर उसे दंडित नहीं किया जा सकता? प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उनकी सरकार 2014 से ही देख रही है कि बंगाल की फाइल लहूलुहान हो रही है, पंचायत चुनाव हों अथवा विधानसभा, लोकसभा चुनाव हों या सामान्य दिन हों, बंगाल में एक तबका लगातार हत्याएं कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय और अन्य सरकारी एजेंसियों के अफसरों पर हमले किए जाते रहे हैं। हिंदूवादी समर्थकों की हत्याओं के साथ-साथ उनके घर जलाए जा रहे हैं। पीट-पीट कर घायल किया जा रहा है अथवा मार ही देता है। ऐसी सैकड़ों हत्याएं की जा चुकी हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बार-बार राज्य सरकार और पुलिस को फटकार लगाई है। केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करने पड़े हैं। अदालत ने सरकार के खिलाफ फैसले भी सुनाए हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सिर्फ बयानबाज बनकर रह गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि उससे ममता और उनकी पार्टी-तृणमूल कांग्रेस-को राजनीतिक लाभ हो सकता था। तो क्या फिर गरीब, कमजोर, पिछड़े, दुर्भाग्य से हिंदू समर्थक मरते रहें? अब तो हिंदू-विरोधियों ने सांसद और विधायक तक को नहीं छोड़ा है। करीब 14-15 लाख लोगों का संसदीय प्रतिनिधि, भाजपा सांसद खगेन मुर्मू बाल-बाल बच गए हैं। वह अस्पताल के बिस्तर पर पड़े हैं। बीमार नहीं हैं। मधुमेह सामान्य विकृति हो गई है। गुंडे-मवालियों ने पत्थरों से सांसद और विधायक पर जानलेवा हमला किया था। उत्तरी बंगाल में भीषण बाढ़ और भयानक भू-स्खलन ने विनाशकारी माहौल बना दिया था। 30-35 मौतें भी हुई हैं। घर मिट्टी-मलबा हो गए, रास्ते टूट गए। यदि एक जन-प्रतिनिधि उस माहौल का जायजा लेने और राहत-सामग्री बांटने उस विनाश-भूमि तक जाना चाहता था, तो उस पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया जाएगा? बेशक लोग सांसद से नाराज हों, तो उन पर इतना घातक हमला कर दिया जाएगा कि उनके चेहरे की हड्डी ही टूट जाए? सांसद खून से लथपथ हो जाएं? गनीमत है कि उनके साथ कुछ सुरक्षाकर्मी थे, जिन्होंने उनकी जान बचाई और तुरंत अस्पताल तक ले गए। भाजपा विधायक शंकर घोष पर भी हमला कर उन्हें घायल क्यों किया गया? अफसोस है कि मंगलवार शाम तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, क्योंकि पुलिस को ऊपर से ऐसे ही आदेश थे। पुलिस मूकदर्शक और निष्क्रिय बनी रही। जब भाजपा और राज्यपाल आनंद बोस का दबाव बढ़ा, तो 8 आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। गौरतलब यह होगा कि पुलिस कितनी ठोस कार्रवाई करती है! शायद राज्य भाजपा उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करेगी! लेकिन बंगाल में जो रक्तरंजित फाइल सामने आई है, उससे लगता है कि बंगाल में संभ्रांत नहीं, गुंडे-हत्यारों का राज है। वे तृणमूल के नेता, कार्यकर्ता हो सकते हैं अथवा घुसपैठिए बांग्लादेशी या रोहिंग्या हो सकते हैं! भाजपा सांसदों और आम सक्रिय कार्यकताओं ने एनआईए जांच की मांग की है। राष्ट्रपति शासन की भी मांगें उभरी हैं। बंगाल में अप्रैल-मई, 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। संभव है कि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के हिंदूवादी ध्रुवीकरण के मुकाबले में ऐसे हमलों पर उतर आई हो! बेशक भाजपा ने बंगाल में हिंदू समर्थकों की ताकत के बूते एक अच्छा-खासा जनाधार तैयार कर लिया है। उसके 12 लोकसभा सांसद चुने गए हैं। जो पार्टी मात्र 3 विधायकों के साथ एक क्षीण-सी शक्ति होती थी, आज उसके विधायक दल का नेता प्रतिपक्ष का नेता है।

## मोनिका डागा



### ओ चंदा !

कविता

छुप करके बादलों की ओट में देखो तुम मत सताना,
ओ चंदा ! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना ।

सजधज कर प्रियतमा मेरी बैठी हैं तुम्हारे इंतजार में,
रखा है करवा चौथ का निर्जल व्रत आज मेरे प्यार में,
सुबह से ही उसने कर रखी हैं धूमधाम से सारी तैयारी,
लाल चूड़ा पहना और हाथों में लगाई है मेहंदी प्यारी,
सांझ हो रही अमृत किरणों को तुम हम पर बरसाना,
ओ चंदा ! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना ।

देखकर सजनी के चेहरे की चमक मैं इठला रहा हूँ,
ईश का धन्यवाद मैं खुशी से ये जीवन बीता रहा हूँ,
ऑंच मेरे इस जीवन पर तनिक कभी भी ना आ?,
उसकी उम्र मुझे लग जा? मॉंगती वो कितनी दुआ?,
दीप की लौ संग चालनी के बीच में प्रेम रंग छलकाना,
ओ चंदा ! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना ।


तन-मन जीवन में मेरे ₹आनंद₹ प्रेम संगीत भर जाती,
पायल की छनछन और सिंदूर की लाली मुझको भाँति,
आशाओं के ऑंगन में मधुबन सा सजा परिवार हमारा,
विश्वास सत्य सहयोग की नींव पर टिका गठबंधन प्यारा,
सप्तपदी के इस अटूट बंधन को और भी सुंदर सजाना,
ओ चंदा ! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस- 10 अक्टूबर, 2025

# मानसिक स्वास्थ्य है रोगमुक्त जीवन की मुस्कान



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष हमें यह सोचने का अवसर देता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसका मन है, और जब मन अस्वस्थ होता है तो समूचा जीवन बिखर जाता है। इस वर्ष की थीम है संकट और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना। यह थीम प्राकृतिक आपदाओं या अन्य आपात स्थितियों के दौरान लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जो मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तक पहुंच की बाधाओं को दूर करने और संकटग्रस्त लोगों के लिए प्रभावी सहायता तंत्र स्थापित करने के महत्व को रेखांकित करती है। आज दुनिया ऐसी परिस्थितियों से गुजर रही है जहाँ महामारी, युद्ध, आर्थिक संकट, सामाजिक अस्थिरता, बेरोजगारी और जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाएँ लगातार मनुष्य के मन पर चोट कर रही हैं। इन आपदाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक मौन महामारी बन गई है। भारत में यह चुनौती और भी बड़ी है क्योंकि यहाँ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कम है और कलंक अधिक। मानसिक स्वास्थ्य दिवस सभी के लिए है-यह वर्ष के 365 दिन महत्वपूर्ण है, लेकिन 10 अक्टूबर दुनिया भर के सभी लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने हेतु एकजुट होने का एक अवसर है। यह सभी को अधिक समझ और सहानुभूति के माध्यम से अपने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करता है।


आज का युग आभासी दुनिया का युग है। मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल साधनों ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही जटिल भी। आभासी संबंधों ने संवाद के नए मार्ग खोले हैं, परंतु भावनाओं की सच्चाई को खोखला कर दिया है। हम हर समय आभासी दुनिया से जुड़े रहते हैं, लेकिन भीतर से अत्यंत अकेले हो गए हैं। दूसरों के सुख और सफलता के प्रदर्शन से तुलना और हीनता की भावना बढ़ती जा रही है। इस निरंतर प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन ने लोगों के मन में चिंता, अवसाद और असंतोष को गहरा कर दिया है। सोशल मीडिया का अति प्रयोग मनुष्य को कल्पना और भ्रम की दुनिया में धकेल रहा है, जहाँ असली जीवन की सादगी और आत्मीयता खोती जा रही है। युवा पीढ़ी सबसे अधिक मानसिक दबाव में है। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा, करियर और परिवार की अपेक्षाएँ उन्हें उस स्तर तक पहुँचा रही हैं जहाँ असफलता आत्मघाती कदमों में बदलने लगी है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि आत्महत्या करने वालों में सबसे बड़ी संख्या किशोरों और युवाओं की है। वे जीवन से नहीं, अपनी असफलता से भागना चाहते हैं, परंतु संवादहीनता, समझ की कमी और मानसिक परामर्श की अनुपलब्धता उन्हें अंधकार की ओर धकेल देती है। युवा जीवन में ऊर्जा और आशा के प्रतीक हैं, लेकिन जब उन पर अपेक्षाओं का बोझ हावी हो जाता है, तब वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले लेती है। परिवार और समाज को चाहिए कि वे उन्हें समझें, संवाद करें, उनके मन की सुनें, और उन्हें यह विश्वास दें कि असफलता अंत नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने का अवसर है। महिलाओं की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियों, सामाजिक बंधनों और लैंगिक भेदभाव ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहरे रूप से प्रभावित किया है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और सामाजिक असमानता की स्थितियाँ उन्हें भीतर से तोड़ देती हैं। फिर भी वे समाज की धुरी बनी रहती हैं। उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना, उनके लिए सुरक्षित वातावरण और परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएँ स्वस्थ और संतुलित मन से कार्य करेंगी, तभी समाज स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसी तरह वृद्धों का जीवन भी मानसिक स्वास्थ्य के मामले में अधिक जटिल होता जा रहा है। आत्महत्या की बढ़ती घटनाएँ एक चेतावनी हैं कि हम किसी बड़ी भूल के शिकार हैं। यह केवल व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्पण है। जब कोई व्यक्ति यह मानने लगता है कि अब उसके जीवन का कोई अर्थ नहीं बचा, तब उसकी आत्मा में आशा का दीप बुझ जाता है। उसे बचाने के लिए आवश्यक है कि हम उसके पास जाएँ, उसकी बात सुनें, उसे यह एहसास दिलाएँ कि वह अकेला नहीं है। समाज, परिवार, शिक्षण संस्थान और सरकार सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ निराश व्यक्ति के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध हो। मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ गाँव-गाँव तक पहुँचें, स्कूलों और कार्यस्थलों में परामर्श केंद्र स्थापित हों, यह समय की पुकार है। नशा मानसिक अस्वास्थ्य का सबसे बड़ा सहचर बन चुका है। शराब, तंबाकू, मादक पदार्थ, यहाँ तक कि दवाओं के दुरुपयोग ने मनुष्य की चेतना को कुंद कर दिया है। नशा अस्थायी आनंद देता है, परंतु दीर्घकालिक विनाश का कारण बनता है। यह व्यक्ति की आत्मनियंत्रण शक्ति को नष्ट कर देता है, निर्णय क्षमता को कमजोर करता है और अवसाद तथा आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ाता है। नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति समाज से कट जाता है और उसकी आत्मा में एक गहरा शून्य भर जाता है। इस समस्या का समाधान केवल दंड से नहीं, बल्कि संवेदनशील पुनर्वास और मानसिक परामर्श से संभव है।


ललित गर्ग

समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति शिक्षित करना और युवाओं को इसके जाल से बचाना हर घर की जिम्मेदारी होनी चाहिए। मानसिक अस्वस्थता से जूझ रहे व्यक्ति को सबसे पहले आवश्यकता होती है आशा की। निराशा की अंधेरी सुरंग में यदि कोई हाथ थाम ले, यदि कोई मुस्कान दे दे, यदि कोई कह दे कि सब ठीक हो जाएगा, तो वही वाक्य जीवनदान बन सकता है। आत्महत्या की रोकथाम का आरंभ संवेदनशील संवाद से होता है। हमें अपने बच्चों, मित्रों, सहकर्मियों और परिवारजनों से यह रिश्ता बनाना होगा कि वे अपने मन की बात कह सकें, बिना किसी भय या लज्जा के।

आज का हर व्यक्ति तनावग्रस्त है। तनाव उनको होता है, जो निरंतर मन, वाणी और शरीर की प्रवृत्ति में लगे रहते हैं, विश्राम नहीं करते। यानी कि आज की भाषा में जो ह्यबिजीह्ल रहते हैं। बिजी रहने की इस आदत ने जीवन में बहुत टेंशन पैदा किए हैं। जीवन में बिजी के साथ ईजी होना जरूरी है क्योंकि एक पहिए से रथ नहीं चलता। उसके लिए दोनों पहिए चाहिए। ज्ञान और ध्यान, काम और आराम- ये जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं। एक पहिए को निकाल देंगे तो रथ नहीं चलेगा। आज यही तो समस्या है और यही मानसिक अस्वास्थ्य की जड़ है। जीवन को एकांगी बनाया जा रहा है। इससे बहुत भारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। मन की चंचलता का तो ज्यादा से ज्यादा इंतजाम किया जा रहा है, पर उसे स्थिर बनाने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। समस्या स्थिरता में नहीं, चंचलता में होती है। बाहर का खोल जितना भी मजबूत हो, भीतर को साधे बिना चंचलता कम नहीं होती। ये भीतर की गांठें देर-सबेर उलझा ही देती हैं। आज आवश्यकता है कि हम मानसिक स्वास्थ्य को विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता समझें। शरीर की बीमारी के लिए जैसे हम डॉक्टर के पास जाते हैं, वैसे ही मन की पीड़ा के लिए भी विशेषज्ञ सहायता लेना सामान्य बने। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को विद्यालयों में जोड़ा जाए, परामर्श केंद्रों को सशक्त किया जाए, और हर नागरिक को यह संदेश दिया जाए कि सहायता लेना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि चेतना का पर्व है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज का आधार है। हमें निराशा से आशा की ओर, अकेलेपन से अपनत्व की ओर और अस्वस्थता से संतुलन की ओर बढ़ना है। मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत उसका मन है, और जब मन शांत, स्थिर और प्रसन्न होगा, तभी जीवन भी सुंदर होगा। इसलिए आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने और दूसरों के मन की सेहत का ध्यान रखेंगे, संवाद करेंगे, सहयोग करेंगे और हर उस व्यक्ति के लिए आशा का दीप जलाएँगे जो अंधेरे में भटक रहा है। यही इस दिवस का सच्चा संदेश और जीवन का शाश्वत सार है।

# उम्र की ढलती सांझ में


विजय गर्ग

पीढ़ी अंतराल और जीवन-शैली में बदलाव के कारण बुजुर्ग व्यक्ति खुद अलगाव और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। आर्थिक साम्राज्यवाद, भूमंडलीकरण, उदारीकरण और बढ़ते उद्योगीकरण ने भी आज बुजुर्गों को हाशिये पर धकेलने का काम किया है टूटते संयुक्त परिवारों के कारण घर के बड़े बुजुर्ग एकाकी जीवन जीने पर मजबूर हो गए हैं। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग से भी सुंदर माना जाता है। इसके बावजूद बहुत से परिवारों में बुजुर्गों को निरंतर अपने ही परिजनों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है ऐसे परिजनों को इस बात का आभास कराया जाना बेहद जरूरी है कि आज के युवा भी आने वाले समय में वृद्ध होंगे जीवन में हम आज जो भी हैं, अपने घर के बुजुर्गों की बदौलत ही हैं, जिनके व्यापक अनुभवों और शिक्षाओं से हम जीवन में सभी प्रकार की कठिनाइयों को पार करने में सक्षम होते हैं। ऐसे में अगर बुजुर्गों को अपनापन और उचित मान-सम्मान दिया जाए, उनकी पसंद- नापसंद का खयाल रखा जाए, तो वे घर के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। उम्र की ढलती सांझ में न केवल परिवार के सदस्यों, बल्कि समाज को भी उपेक्षित करने के बजाय उनका संबल बनने का प्रयास करना चाहिए।

भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को अनुभवों का खजाना माना जाता रहा है, मगर चिंताजनक है कि बुजुर्ग अब परिजनों और समाज की उपेक्षा, दुर्व्यवहार सहित कई तरह की समस्याएं झेलने को विवश हैं। भारतीय समाज में सदा सयुंक्त परिवार को अहमियत दी जाती रही है, जहां बुजुर्गों का स्थान सर्वोपरि रहा है, मगर अब एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण बुजुर्गों की उपेक्षा बढ़ रही है। दरअसल, समाज में अपनी हैसियत बड़ी दिखाने की चाहत में कुछ लोगों को अपने ही परिवार के बुजुर्ग मार्ग की बड़ी रुकावट लगने लगते हैं। ऐसे लोगों को सामाजिक तौर पर अपनी खुशियों में बुजुगों को शामिल करना शान के खिलाफ लगता है। ऐसी ही रूढ़िवादी सोच के कारण उच्च वर्ग से लेकर मध्यवर्ग तक में अब वृद्धजनों के प्रति स्नेह की भावना कम हो रही है। एक गैर-सरकारी संस्था की रपट के अनुसार भारत में 47 फीसद आर्थिक रूप से अपने परिवारों पर निर्भर हैं, 34 फीसद पेंशन और नकद हस्तांतरण पर निर्भर हैं, जबकि सर्वेक्षण में 40 फीसद लोगों ने यथासंभव काम करने की इच्छा व्यक्त की। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई कि 71 फीसद वरिष्ठ नागरिक काम नहीं कर रहे थे, जबकि 36 फीसद काम करने को तैयार थे। यही नहीं, 30 फीसद से ज्यादा बुजुर्ग तो विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए स्वेच्छा से अपना समय देने को तैयार थे, जिससे स्पष्ट है कि अगर पुरानी पीढ़ी की ऊर्जा को पर्याप्त अवसर मिले तो भारत की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर उज्ज्वल हो सकती है। एक गैर-सरकारी संगठन की रपट के अनुसार 2022 तक दुनिया में वरिष्ठ नागरिकों की आबादी 110 करोड़ और कुल आबादी की लगभग 14 प्रतिशत थी। 2050 तक यह आबादी बढ़कर 210 करोड़ और कुल आबादी की लगभग 22 प्रतिशत होने की संभावना है। एशिया में बुजुर्ग आबादी 2050 तक 130 करोड़ हो जाएगी। भारत में वरिष्ठ नागरिकों की आबादी अभी करीब 14.9 करोड़ है और एक रपट के मुताबिक 2026 तक यह 17 करोड़, 2036 तक 23 करोड़ तथा 2050 तक 35 करोड़ यानी कुल आबादी की 20 फीसद से भी ज्यादा होने का अनुमान है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुमान के मुताबिक 2036 तक दक्षिण भारत के राज्यों में हर पांचवां व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में होगा। बुजुर्ग आबादी में यह बढ़ोतरी निश्चित रूप से समाज और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डालेगी। ऐसे में वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी की उचित देखभाल के लिए उचित प्राथमिकताएं निर्धारित करना सरकार की जिम्मेदारी है। % हेल्प एज इंडिया% की नवीनतम रपट %वीमेन एंड एजिंग इनविजिबल आर एंपावर्ड ?% में मई से जून 2023 के दौरान 60-90 वर्ष की आयु वर्ग की 7911 महिलाओं को इस सर्वेक्षण में शामिल किया गया। संगठन ने विभिन्न सामाजिक- आर्थिक श्रेणियों को शामिल करते हुए बीस राज्यों, दो केंद्रशासित प्रदेशों और पांच महानगरों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के प्रतिभागियों के बीच यह सर्वेक्षण किया और रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सोलह प्रतिशत वृद्ध महिलाओं को दुव्यवहार का सामना करना पड़ा, जिनमें से करीब पचास फीसद महिलाओं को शारीरिक हिंसा और छियालीस फीसद बुजुर्ग महिलाओं को अपमान झेलना पड़ा। चालीस फीसद प्रतिभागियों को भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक शोषण का सामना करना पड़ा। सर्वेक्षण में शामिल कुल चालीस फीसद महिलाओं ने अपने बेटों को दोषी ठहराया, जबकि इकतीस फीसद ने अपने रिश्तेदारों और सताईस फीसद ने अपनी बहुओं को जिम्मेदार बताया। रपट में यह खुलासा भी हुआ कि दुर्व्यवहार के बावजूद अधिकांश बुजुर्ग महिलाओं ने डर के कारण पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। एक बेहतर भविष्य के लिए हम अपनी अगली पीढ़ी को निधि समझते हुए उसकी बेहतर परवरिश में कोई कमी नहीं छोड़ते। मगर तमाम जिम्मेदारियां निभाते निभाते जब उम्र ढलने लगती और व्यक्ति शारीरिक तथा वित्तीय स्तर पर कमजोर होने लगता है, तो कई बार वह परिवार और समाज की उपेक्षा का शिकार होने लगता है। भले बड़े गर्व के साथ यह कहा जाता है कि भारत की सत्तर फीसद आबादी नौजवानों की है, जो देश के लिए एक बड़ी पूंजी है, लेकिन यहां चिंता का विषय यह भी है कि क्या यह आबादी हमेशा युवा बनी रहेगी ? उम्र बढ़ना जीवन की नियति है, जिससे हर किसी को गुजरना पड़ता है। विभिन्न शोधों के अनुसार साठ वर्ष तथा उससे ज्यादा उम्र में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग आदि कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बढ़ती उम्र और घटती प्रतिरोधक क्षमता बीमारियों का एक प्रमुख कारक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की % बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याएं % नामक एक रपट में बताया गया है कि 25 फीसद भारतीय बुजुर्ग अवसाद में जी रहे हैं, 33 फीसद गठिया या हड्डी के रोग से ग्रस्त हैं, 40 फीसद को रक्ताल्पता है, गांवों में 10 और शहरों में 40 फीसद को मधुमेह है, 10 फीसद कम सुनने संबंधी समस्या से गुजर रहे हैं। गांवों में 33 फीसद तो शहरों में 50 फीसद को हाइपरटेंशन है, करीब 50 फीसद की नजर कमजोर है, 10 फीसद भारतीय बुजुर्ग कहीं न कहीं गिरकर अपनी कोई न कोई हड्डी तुड़वा बैठते हैं, तो 33 फीसद पाचन तंत्र के विकार से जूझ रहे हैं। पीढ़ी अंतराल और जीवन-शैली में बदलाव के कारण बुजुर्ग व्यक्ति खुद अलगाव और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। आर्थिक साम्राज्यवाद, भूमंडलीकरण, उदारीकरण और बढ़ते उद्योगीकरण ने भी आज बुजुर्गों को हाशिये पर धकेलने का काम किया है टूटते संयुक्त परिवारों के कारण घर के बड़े बुजुर्ग एकाकी जीवन जीने पर मजबूर हो गए हैं। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग से भी सुंदर माना जाता है। इसके बावजूद बहुत से परिवारों में बुजुर्गों को निरंतर अपने ही परिजनों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है ऐसे परिजनों को इस बात का आभास कराया जाना बेहद जरूरी है कि आज के युवा भी आने वाले समय में वृद्ध होंगे जीवन में हम आज जो भी हैं, अपने घर के बुजुर्गों की बदौलत ही हैं, जिनके व्यापक अनुभवों और शिक्षाओं से हम जीवन में सभी प्रकार की कठिनाइयों को पार करने में सक्षम होते हैं। ऐसे में अगर बुजुर्गों को अपनापन और उचित मान-सम्मान दिया जाए, उनकी पसंद-नापसंद का खयाल रखा जाए, तो वे घर के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। उम्र की ढलती सांझ में न केवल परिवार के सदस्यों, बल्कि समाज को भी उपेक्षित करने के बजाय उनका संबल बनने का प्रयास करना चाहिए।

# आर. आर. पब्लिक स्कूल में हुआ ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** आर. आर. पब्लिक स्कूल में उत्साह और जोश से परिपूर्ण वातावरण में ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। यह परीक्षण ताइक्वांडो संघ बिजनौर के सचिव राजू राजपूत के तत्वावधान एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खेल के मैदान में बच्चों ने अद्भुत जोश और अनुशासन का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एवं कोच श्री जीवन सिंह ने बच्चों को ताइक्वांडो के महत्व और आत्मरक्षा की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बेल्ट टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, शारीरिक संतुलन, अनुशासन, और मानसिक दृढ़ता का विकास होता है। कोच ने यह भी बताया कि सभी विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से उत्कृष्ट कौशल का परिचय दिया और अपनी-अपनी बेल्ट सफलतापूर्वक अर्जित की। इस अवसर पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि आत्मरक्षा की भावना, साहस, और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। स्कूल परिवार ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को प्रोत्साहित करता रहेगा। इस दौरान आदि शर्मा, हेयांश अरोड़ा, अभिराज, विहान राजपूत, सन्निधि, भाविक जैन, देव सहल, काव्या यादव, नबीहा, सिद्धि डागर, अनन्या शर्मा, अशिका बालियान, अनिका बालियान, सवाया, विहान, कनिष्का राजपूत, अदिति राजपूत, रवि सेहल, गुंजिक, प्रणय, नीतिका, भव्या सिंह, आयुष चौधरी, पांशुल कंधालिया, प्रथम पाल, झनक राजपूत, काव्या यादव, विहान कौशिक, सृष्टि वर्मा, शिवाय चौधरी एवं निर्मित ने येलो बेल्ट आराध्या चौहान, आयुषी, शिखा अग्रवाल, स्पर्श सिंह, लव्य गौड़, परमजीत कौर, अदिति राजपूत, कनिष्का एवं सरबजीत सिंह ने ग्रीन बेल्ट दक्ष कुमार, मानवी दिवाकर एवं आरुषि वर्मा ने ग्रीन वन बेल्ट तथा कृष्टि सिद्धू ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त की और अपने अद्भुत प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उप प्रधानाचार्य श्री टीकम सिंह ने कोच जीवन सिंह एवं जिला संघ सचिव श्री राजू राजपूत का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आर. आर. पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अग्रणी बनाने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ भेंट की।

# थाना कोतवाली जान लेवा हमला करने का मिथ्या आरोप लगाकर अभियोग पंजीकृत कराने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना कोतवाली पर वादी द्वारा दी गयी तहरीर बावत अभियुक्तगण 1. फैजी उर्फ फैजान पुत्र सज्जाद नि0 मौ0 ठौठर थाना गंज रामपुर 2. सफी पुत्र रफी 3. फैजी पुत्र रफी 4. आजम पुत्र अजीज अहमद पहलवान 5. नन्नू पुत्र अजीज अहमद पहलवान 6. समीना पत्नी रफी नि0गण डूगर पुर बाबूगढ थाना गंज जिला रामपुर द्वारा पुरानी रंजिश के कारण वादी व वादी के साथी के साथ मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना तथा अभि0गण फैजी उर्फ फैजान व सफी उपरोक्त द्वारा तमन्चा निकालकर वादी व वादी के साथी के पर फायर कर देना जिससे वादी व वादी के साथी का बुरी तरह घायल हो जाने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली पर मु0अ0स0-152/2025 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/351(2) /109(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना अभियोग में वादी द्वारा लगाये गये आरोप मिथ्या पाये गये, अभियोग में नामित 1. फैजी उर्फ फैजान पुत्र सज्जाद नि0 मौ0 ठौठर थाना गंज रामपुर 2. सफी पुत्र रफी 3. फैजी पुत्र रफी 4. आजम पुत्र अजीज अहमद पहलवान 5. नन्नू पुत्र अजीज अहमद पहलवान 6. समीना पत्नी रफी नि0गण डूगर पुर बाबूगढ थाना गंज जिला रामपुर की नामजदगी झूठी पायी गयी।

# जे. पी. पब्लिक स्कूल में वायु सेना दिवस समारोह का आयोजन किया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** धनौरा रोड स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में भारतीय वायु सेना दिवस बड़े गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। प्रातः की प्रार्थना सभा की शुरूआत भारत के उन वीर वायु योद्धाओं से की गई, जो साहस और समर्पण के साथ हमारे देश के आकाश की रक्षा करते हैं। छात्र-छात्राओं ने दिन का विचार, भाषण और वायु सेना दिवस की शपथ प्रस्तुत की, जिसमें ₹गौरव के साथ आकाश को छूओ₹ के आदर्श वाक्य पर प्रकाश डाला गया। इस समारोह को और भी सार्थक बनाने के लिए, छात्र-छात्राओं ने बेकार कागज का उपयोग करके कागज के हवाई जहाज बनाए और रीसाइक्लिंग, रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जब सभी हवाई जहाजों को एक साथ छोड़ा गया, तो आकाश रंगों और खुशियों से भर गया, जो युवा भारत के सपनों की उड़ान का प्रतीक था। विद्यालय की प्रबंधिका नीतू गुप्ता ने भी शिक्षकों और छात्रों को इस तरह के विचारशील और पर्यावरण-अनुकूल समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी, जिसमें देशभक्ति और स्थिरता का समावेश था। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और अनुशासन की सराहना की और सभी को याद दिलाया कि भारतीय वायु सेना हमें मजबूत, समर्पित और निस्वार्थ रहने के लिए प्रेरित करती है।सभा का समापन राष्ट्रगान और ‟जय हिंद!‟ के ऊर्जावान जयकारों के साथ किया गया। जिसमें विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाकियू नेताओं की नवागत प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा से मुलाकात



वेलकम इंडिया

**टांडा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने बुधवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा से कोतवाली में शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट परिचयात्मक रही, जिसमें किसान नेताओं और नए प्रभारी निरीक्षक के बीच आपसी सहयोग और संवाद को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई।

मालूम हो कि प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा पटवाई थाने से स्थानांतरित होकर टांडा कोतवाली आए हैं। मुलाकात के दौरान किसान नेताओं ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याएं और शिकायतों के त्वरित निस्तारण जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भाकियू पदाधिकारियों ने नवागत प्रभारी निरीक्षक का स्वागत करते हुए आशा जताई कि वे किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे।प्रभारी निरीक्षक मिश्रा ने कहा कि वे शासन की मंशा और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नियमानुसार काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। पीड़ितों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कोई भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं कर सकता।

उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, नगर सचिव मोहम्मद रफीक, हसीन खां, इंतिजार मुल्ला और मसरूफ अली आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने वृद्धजनों की देखभाल हेतु बनाये गये विशेष वॉर्ड का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों की देखभाल के लिए बनाये गये विशेष वार्ड का उद्घाटन फीता काटकर किया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना ने बताया कि 01 अक्टूबर से मनाये जा रहे वृद्धजन देखभाल माह के अंतर्गत इस विशेष वार्ड का निर्माण किया गया है। इस वॉर्ड में विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों की देखभाल का उचित प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि वृद्धजनों की सुविधा को देखते हुए जिला चिकित्सालय में 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों के लिए पंजीकरण हेतु अलग लाइन की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं जैसे जिला चिकित्सालय में की जा रही जांच एवं उपचार हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसके उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयुष विंग, डेंगू वार्ड और डायरिया वार्ड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान, जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।




# 25 हजार का इनामी वांछित हिस्ट्रीशीटर अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** अभियुक्त वाहिद पुत्र छिद्दा नि0 शिकारपुर थाना सि0ला0 रामपुर द्वारा अवैध रूप से लाभ अर्जन करने हेतु प्रतिरूपण कर फर्जी तरीके से मोटर साईकिल के दस्तावेज तैयार करने के संबंध में थाना सिविल लाइन पर वादी द्वारा 30.1.2000 को उपलब्ध कराई गयी तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 81/2000 बनाम वाहिद उपरोक्त पंजीकृत किया गया।विवेचना के क्रम में अभियुक्त वाहिद उपरोक्त 31.01.2000 को गिरफ्तार कर जिला कारागार रामपुर भेजा गया था जो जमानत के बाद से लगातार फरार चल रहा था। मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 82 व 83 सीआरपीसी की कार्यवाही कराई जा रही थी। अभियुक्त वाहिद उपरोक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा 25000 रुपए के ईनाम की घोषणा की गयी थी। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त वाहिद उपरोक्त थाना टांडा जनपद रामपुर का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरूद्ध थाना टाण्डा पर भी कई अभियोग पंजीकृत हैं।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय जनपदीय माध्यमिक क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह शुभारम्भ किया गया

वेलकम इंडिया महमूद रजा




बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज आज दोपहर 01:00 बजे नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में तीन दिवसीय जनपदीय माध्यमिक क्रीडा, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह 2025-26 शुभारम्भ का शुभारंभ दीप प्रज्वलित, शांति का प्रतीक कबूतर व गुब्बारे उड़ा कर किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, कैप्टन बिशन लाल संयोजक आरजीपी इंटर कॉलेज, संगीता गुप्ता संयोजिका केपीएस कन्या इंटर कॉलेज, सुधांशु कुमार वत्स प्रवक्ता आरजेपी इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता गय्यूर आसिफ द्वारा किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने इस मौके पर अपने संबोधन में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने जीवन में किसी एक खेल को अवश्य अपनाएं और उसमें दक्ष होने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में निपुण होने के बाद जिला, मंडल, प्रदेश व देश के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आदि कवि वाल्मीकि की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम से निकली

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नगीना वाल्मीकि प्रकट दिवस यहां बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। इस अवसर पर हवन पूजन के बाद नगर के मुख्य मार्गो से वाल्मीकि जी की शोभा यात्रा अखाड़ो, बैंड बाजों व मनोहारी झांकियों के साथ निकाली गई। वाल्मिकी समाज के महिला और पुरुषों ने पूरे दिन उपवास रखें और अपने अपने घरों में पूजा पाठ की। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी यहां आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का प्रकट उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार की शाम 6 बजे वाल्मीकि जी की शोभायात्रा यहां पहाड़ी दरवाजा बाजार से बैंड बाजो, ढोल नगाड़ो व मनोहरी झांकियों के साथ निकलनी शुरू हुई। शोभा यात्रा में सबसे आगे सुसज्जित दो



घोड़ों की बग्गी पर आदि कवि बाल्मीकि जी की झांकी थी अखाड़े में पटेबाज अपने अपने हैरत अंगेज करतब दिखाते चल रहे थे। शोभा यात्रा थाने पर पहुंचने पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुवेर्दी व थाना प्रभारी अवनीत मान ने भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, शेख शाहनबाज खलील, श्याम सुंदर लाल, महेश चन्द, सूरज मच्छल, रोहन कुमार व मुकेश भौते सहित 12 गणमान्य लोगों को पगड़ी बांध कर व 101/ रुपए भेट कर सम्मानित किया।शोभा यात्रा में अनूप बाल्मीकि, सूरज मचल, रोहन कुमार, अश्वनी वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, भाजपा के कुँवर संजय, नगर अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, महामंत्री सचिन शर्मा, पूर्व विधायक सतीश गौतम, रोहित रवि, सोहन सेनी, कय्यूम राइन, अभिषेक अग्रवाल, राजकुमार सैनी, रोहित बिश्नोई, बृज मोहन उर्फ बल्ली, बदर मुनीम, रूपेश पवार, सुजीत कुमार, धीरज कुमार, अरविद कुमार, मा श्याम सुंदर लाल, मुकेश वाल्मीकि, महेश उर्फ दारा वाल्मीकि एड, मा रनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# फेसबुक पोस्ट के माध्यम से मिली सूचना पर जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, नवजात बच्ची को बाल तस्करी से बचाया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा फेसबुक पर एक अज्ञात व्यक्ति अजय के द्वारा अपनी नवजात बेटी को बेचने की पोस्ट की गई थी, जिसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन को तत्काल जॉच के निर्देश दिए। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर निजामुददीन, सुपरवाइजर अमित कुमार एवं शिवम सिहं व केस वर्कर विशाल कुमार भारती और स्वार पुलिस के साथ ग्रीन सिटी हॉस्पिटल पहुचे जिसमें डॉ० नाजिया से मिलकर केस की जानकारी ली। मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मचारी एवं थाना स्वार पुलिस के द्वारा हॉस्पिटल में बालिका की माता ममता एवं पिता अजय कुमार से मिलकर जानकारी ली, तो पिता द्वारा बताया गया, कि मेरी आर्थिक स्थिति ईलाज के खर्च हेतु पर्याप्त नहीं है, जिसके बाद मेरे द्वारा इस तरह की पोस्ट की गयी थी, जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा चेतावनी देते हुए कहा कि बच्ची को किसी को गोद और बेचने का प्रयास नहीं करेगें साथ ही ग्राम प्रधान को पूर्ण जानकारी दी गई और कहा गया कि कोई ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए, ग्राम प्रधान द्वारा आश्वासन दिया गया। थाना स्वार कोतवाली प्रभारी को भी अवगत कराया गया है और बच्ची डिस्चार्ज कराकर उसके माता-पिता को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया।

# कानून जाये भाड मे, बिना एफआईआर जाँच करेगी राजस्थान पुलिस तो: राजा भईया



जारीकर्ता राजेन्द्र सिह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं रास्ट्रीय प्रमुख हिंदुस्तान शिवसेना मो न–9811371054, 9818951279

(जयपुर)- राजस्थान भारत देश का ही एक बडा प्रदेश है परंतु आपको यह जान कर अचरज होगा कि फिर भी यहाँ की पुलिस का अपना एक अलग कानून है? इस सनसनी खेज बात का खुलासा करते हुये हिंदुस्तान शिवसेना के रास्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्दसिहं तोमर राजा भईया ने एक लिखित शिकायत जनहित व न्यायहित मे ,ई मेल के मध्यम से प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी के नाम भेजते हुये पूरे प्रकरण की जाँच करा कर संबंधीत पुलिस थाना और जिला पुलिसवअधिकारीयों के विरुद्ध बिभागिय एवं कानुनी कारवाई करने की मांग की है, सुप्रिम कोर्ट तथा हाई कोर्ट के कई लैंड मार्क जज मैन्टो का हवाला देते हुये उन्होने आज पत्रकारो को भेजी गई शिकायत की प्रति सँझा करते हुये बताया की वह स्वयं इस पीड़ा के भुक्त भोगी है, राजस्थान प्रदेश के लगभग सभी जिलों के थानो का यही हाल है की पीडित द्वारा आरोपियों के विरुद्ध संगेय,कोग्निजेबल अपराध कारीत किये जाने का खुलासा करते हुए




भी शिकायत देने पर ना तो थाने से कोई रिसिविंग दी जाती हैं और ना ही तत्काल उस शिकायत पर एफ आई आर ही दर्ज की जाती और महिनो यह कह कर शिकायतकर्ता को टाल दिया जाता है कि अभि परिवाद पर जाँच की जा रही है,जबकी नियम व कानून तथा सुप्रिम कोर्ट के लैंड मार्क जजमैन्ट ललिता कुमारी वनाम राज्य,,रमेश कुमारी वनाम राज्य एवं प्रियंका श्रीवास्तव वनाम राज्य आदी के केस आदेशों सहित तमाम राज्यो के हाई कोर्ट्स द्वारा अपने विभिन्न आदेशों मे यह स्पस्ट किया है कि पीडित द्वारा संगेय अपराधों का खुलासा करते हुये दी गई शिकायतो पर पुलिस तत्काल आरोपियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करेगी और फिर तुरंत मामले की जाँच करेगी, इसके लिये सभी थाना प्रभारी



बाध्य है,लेकिन राजस्थान पुलिस अपना अलग कानून चलाती हैं वह पीडित की संगेय अपराधों का खुलासा करने वली दी गई शिकायत बिना रिसिविंग दिये ले कर रख लेती है और बिना एफ आई आर दर्ज किये जाँच करती है और इतना नही महिनो महिनो इस जाँच के नाम पर निकाल देती है यह कार्य या तो आरोपियों की मिली भगत से होता है और या फिर अपने थानो मे अपराध आँकड़े कम दिखाने के लिए ज़िम्मेदार पुलिस कर्मी ,गैर जिम्मेदरना तरीके से नियम विरुद्ध करते हैं,राजा भईया ने डीजीपी को लिखे शिकायत पत्र में यह भी स्पस्ट किया है की एसा कर सम्बंधित पुलिस कर्मी अपने पुलिस अधिकारी एवं लोक सेवक होने के दायित्वो की पलना तो करते ही नही है,साथ ही साथ सुप्रिम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशो का भी उलन्घंन करते हैं जबकी पीडित को न्याय पाने के लिए पुलिस थाना उसकी सबसे पहली सीढ़ी होती है,इस बाबत उन्होने डीजीपी से जबाब भी मंगा है कि वो बताएँ कि उनके प्रदेश की पुलिस उपरोक्त कार्य आखिर किस नियम व कानून के तहत करती है? खबर कडबी जरुर है परंतु सच्ची है अब देखना होगा कि राजा भईया की यह शिकायत कितना रंग लाती है।

# नैनसी बनी एक दिन की जिलाधिकारी

## अन्य छात्राओं को भी प्रशासनिक अधिकारी बना मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम रहा सफल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के निदेर्शानुसार जनपद में संचालित विभागों और कार्यालयों में थीम एक दिन का अधिकारी कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिनमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया। जिसमें आरएसके इण्टर कॉलेज सिम्भावली की छात्रा कु. नैनसी को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया साथ ही राजकीय हाई स्कूल हिम्मतपुर सिम्भावली की छात्रा कु. फातिमा को मुख्य विकास अधिकारी, दीवान पब्लिक स्कूल हापुड़ की छात्रा कु.राजुल मिश्रा को अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, आर्य कन्या पाठशाला हापुड़ की छात्रा कु. माही शर्मा को एआरटीओ प्रशासनिक, दिल्ली पब्लिक स्कूल हापुड़ की छात्रा कु. अर्श गोयल को एआरटीओ प्रवर्तन, एसएसवीइण्टर कॉलेज हापुड़ की छात्रा कु. नेहा को डीपीआरओ, एसएसवी इण्टर कॉलेज हापुड़ की छात्रा कु. भावना को डीपीओ।

कार्यालयों में बालिकाओं द्वारा एक दिन का अधिकारी बनकर फरियादियों की समस्याएं सुनी गई तथा उनका निस्तारण भी कराया गया तथा कार्यालय में आए सभी कार्यों की देखरेख की गई। एक दिन के लिए बनी जिलाधिकारी कु. नैनसी ने जिलाधिकारी कार्यालय में आए विभिन्न प्रकरणों की जानकारी ली और जिलाधिकारी से निर्देश प्राप्त कर उनके सम्बन्ध में निर्णय लिए साथ ही जनपद के ग्राम कस्तला में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं से तथा उस विद्यालय से मर्ज किए गए बच्चों से जानकारी ली गई और विद्यालय की समीक्षा जिलाधिकारी को बताया।

जिलाधिकारी द्वारा पहल की छात्रा ने सराहना की और उसके सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। एक दिन की मुख्य विकास अधिकारी बनी कु. फातिमा द्वारा कार्यालय की कार्यशैली को समझा और कार्यभार संभाला।

## वृद्ध महिला शीला देवी का 112 साल की उम्र में हुआ निधन

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट थाना क्षेत्र के जरगंवा गांव में शीला देवी पत्नी स्वर्गीय झम्मन सिंह उम्र 112 साल की वृद्ध महिला की पूर्णिमा के दिन अचानक हुई मृत्यु परिजनों ने दुख प्रकट करते हुए विमान निकाला सपा भाजपा बसपा नेताओं ने घर पर जाकर दुख प्रकट किया आपको बता दें जरगवां में 112 वर्ष की वृद्ध महिला शीला देवी पत्नी स्व झम्मन सिंह पूर्णिमा के दिन अचानक मृत्यु हो गई जो पुत्र सहित नाती पंती धेवते धैवती सहित करीब 100 लोगों के परिवार को छोड़कर गई है अधिक उम्र की मृत्यु हुई है जिनके परिजनों ने विमान निकाल कर रामघाट गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया इनके अंतिम दाह संस्कार में सैकड़ों पुरुष महिलाएं सम्मिलित हुए उनकी मृत्यु पर भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव, वीरपाल सिंह यादव प्रधान जेपी गौतम पत्रकार तथा पूर्व सपा विधायक गुड्डू पंडित की पत्नी अर्चना पंडा, ओमवीर सिंह यादव, बसपा नेता जितेंद्र उर्फ डब्बू, पवन कुमार, राजू मासूम ने उनके घर पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की इस मौके पर रामबाबू कल्याण सिंह, भीमसैन, डालचंद, प्रकाश, लालाराम, महेंद्र सिंह आदि परिजन उपस्थित रहे।

# सपा नेता रेहान खान ने पहलवानों को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** परंपरागत ग्रामीण खेल संस्कृति को जीवित रखते हुए नगला गांव में भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में प्रदेशभर के नामी पहलवानों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। अखाड़े में ₹जय बजरंग बली₹ और ₹जो बोले सो निहाल₹ के जयकारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान तथा विशेष अतिथि जे.एन.यू. के प्रोफेसर महेंद्र प्रताप गौतम रहे। दोनों अतिथियों ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने की अपील की। दंगल में नितेश पहलवान (बहराइच) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बड़ी कुश्ती का खिताब अपने नाम किया। वहीं गोलू पहलवान (गोंडा) चैलेंजिंग विनर रहे। इसके अलावा विजय पहलवान (नौगवा), फहीम पहलवान, जावेद पहलवान, बॉबी पहलवान (नगला), दीपक और राजेश पहलवान ने शानदार मुकाबले खेले। महिला वर्ग में नीलम कुमारी (रोहतक) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और अखाड़े में दर्शकों की वाहवाही लूटी। इनाम राशिः बड़ी कुश्ती - ?21,000, छोटी कुश्ती - ?11,000, छोटी कुश्ती- ?11,000 दंगल का संचालन उत्तम कुमार गौतम ने किया, जबकि आयोजन समिति में कृष्ण गौतम, लक्ष्मी गौतम, विजय गौतम एवं मुकेश गौतम (बलवीरपुर) शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेहान खान ने कहा, ग्रामीण खेल हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों से युवाओं में अनुशासन, शक्ति और एकता का भाव उत्पन्न होता है। समाजवादी सरकार बनने पर नगला में आधुनिक कुश्ती स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा।

## 80 नवजात बच्चियों को सीडीओ व सीएमओ वितरित की बेबी व मदर किट



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत दिल्ली रोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें 80 नवजात बच्चियों को बेबी किट व मदर किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित माताओं व परिजनों से अपील की गयी कि बेटे व बेटी में भेद न करते हुए बेटी के जन्म पर भी उत्सव व खुशियां मनाएं एवं उनके भविष्य को उज्जवल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी व स्टाफ , वन स्टॉप सेन्टर स्टाफ उपस्थित रहा।

## छात्राओं को आत्मरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरुक



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद के विकास ग्लोबल स्कूल बाबूगढ़ में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक विशेष महिला सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना बाबूगढ़ प्रभारी (एस.एच.ओ.) मनीष प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुँचे। टीम ने छात्राओं से संवाद करते हुए महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और महिला अधिकारों के विषय में जानकारी दी। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उ?द्देश्यों से अवगत कराया गया और उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090 और 112 का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य वर्षा सिंह तेवतिया एवं विद्यालय प्रबंधक विकास कुमार तेवतिया भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य महोदया ने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहलें केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विद्यालय प्रबंधक विकास कुमार तेवतिया ने भी पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने में सहायक हैं पुलिस टीम में उप निरीक्षक (एस.आई.) नीरज कपिल, महिला उप निरीक्षक सांत्वना गौतम, मनीषा ज्योति, मुख्य आरक्षी अंकित, मुख्य आरक्षी नितिन तथा महिला आरक्षी दीक्षा उपस्थित रही ।कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने नारी शक्ति देश की शक्ति₹ और ₹बेटी पढ़ाओ, देश बढ़ाओ₹ जैसे नारों से पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बना दिया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से वृद्ध की मौत



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज के सामने हाइवे के सर्विस लेन के लिए बने कट के पास बुधवार को 12 बजे के आसपास वाराणसी से प्रयागराज के तरफ जा रही अज्ञात ट्रक ने साइकिल सवार खजुरी (मिजार्मुराद) निवासी शीतला प्रसाद यादव उम्र (60) वर्ष को धक्का मार दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर जुटे ग्रामीणों व सूचना पर पहुंचे परिजनों ने इलाज हेतु खजुरी स्थित सूर्यांश हॉस्पिटल ले गए तो डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया ।मृतक को तीन पुत्र व एक पुत्री बताई गई मृतक खेती किसानी करता था ।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।मिजार्मुराद थाने के एसआई मधुसूदन त्रिपाठी खजुरी स्थित सूर्यांश हॉस्पिटल पहुंच मृतक वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिये। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश सीसीटीवी कैमरे की मदद से कर के पकड़ा जाएगा।

# फील्ड निर्माण हेतु बजट की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** पालड़ीछीना में स्थित गोल्ज्यू मन्दिर के प्रांगण के विकास हेतु क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास के मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु सहयोग देने की अपील की है ।इसी आशय का एक ज्ञापन विधायक को सौपा ।वही अपनी मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व चंदन राम दास जी के सौजन्य से क्षेत्र के विकास का विकास हुआ ।वही लगातार प्रयास के बाद मंत्री जी के कुछ विकास कार्य अधूरे रह गए थे ।जिनका जल्द समाधान का आश्वासन मिला था ।पर अब उनके छूटे हुए विकास कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। पालड़िछिना में स्थित गोलज्यूमंदिर प्रांगण में भक्तों के बैठने भजन कीर्तन आदि के लिए पर्याप्त स्थान नही होने से भक्तों को हो रही असुविधा हेतु क्षेपं सदस्य फतेह सिंह करायत ने विधायक से मंदिर के सौंदयिकरण में सहयोग देने की अपील की ।साथ ही इसी आशय का ज्ञापन भी सौपा।

इस दौरान विधायक पार्वती दास ने जनभावनाओं के अनुरूप जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। जिसके बाद उन्होंने विधायक दास का आभार जताते हुए जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई।

## साइबर क्राइम के प्रति किया जा रहा जागरूक

**बुलंदशहर।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार माह अक्टूबर को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता के रूप मे मनाया जा रहा है। 43 द्वारा एक कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गयी है। इस कार्यक्रम के तहत बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत मुस्लिम इंटर कॉलेज की छात्र व छात्राओं को साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु साइबर सेफ्टी रन अभियान चलाकर साइबर जागरूकता शपथ दिलाई गयी तथा जनपद बुलन्दशह के सभी थानों में साइबर सैल द्वारा विभिन्न-विभिन्न स्कूलों व स्थानो पर साइबर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। साइबर जागरूकता अभियान के तहत जनपद के लगभग 69 स्कूल में करीब 5000 छात्रों को, 74 ग्राम चौपालों में करीब 2,500 लोगों को, 51 बैंको मे जाकर बैक कर्मचारियों को, आबादी क्षेत्रों में लोगों को व विभिन्न ज्वेलर्स को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है।

# वार्ड-39 में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का अध्यक्षा पुष्पा देवी ने फीता काट कर किया उद्घाटन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** नगर पालिका हापुड़ द्वारा बोर्ड बैठक में क्षेत्र के विकास के साथ साथ विभिन्न वार्डों मे करोड़ रुपये की लागत से कई मोहल्लों की सड़कों व नालियों के निर्माण कार्य का प्रस्ताव पास हुआ था।

बोर्ड बैठक में प्रस्तावित नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 39 के ईदगाह रोड स्थित गली नंबर 9 नूरजहाँ मस्जिद के पीछे परवेज टायर वालों के आस पास की गलीयो व मजीदपुरा रोड पर गली नंबर 6 हाजी अकरम की दुकान से हाजी नूर मोहम्मद के मकान वाली गलियों में करीब 97 लख रुपए की लागत से होने वाले इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने फीता काटकर शिलान्यास कर जर्जर रास्ते से परेशान हो रहे लोगों को राहत की सांस देने का कार्य किया।

इस दौरान इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी का सभासद अमीना सहित मोहल्ले के लोगों ने फूलो की माला पहना हुए स्वागत किया और मिठाई बाटी गई। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारियों सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

## बोल्डर से टकराकर बाइक सवार की मौत, परिजनों में कोहराम

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** रखौना गांव (मिजार्मुराद) स्थित रिंग रोड के ओवरब्रिज पर बुधवार की सुबह रिंग रोड से उतर समय घुमाव डर्निग पर रखे पत्थर के बोल्डर से हरहुआ के तरफ से आ रहा बाइक सवार जा भिड़ा जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया ।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी ने गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजवाया दिया जहां इलाज के दौरान बाइक सवार की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के मुर्दहा बाजार निवासी सुशील कुमार सिंह उम्र (50) वर्ष पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह मिजापुर में सिंचाई विभाग में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत है ।हर दिन की तरह सुबह ड्यूटी के लिए बाइक से सुशील निकले और रिंग रोड के पास पत्थर के बोल्डर से जा भिड़ी जिसके कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए ।पुलिस द्वारा अस्पताल भेजवाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गया ।मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और एक पुत्र व एक पुत्री का पिता बताया गया ।मृतक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया ।मृतक अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

# जिला अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से युक्त के दावे अधर में

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** जिला अस्पताल को सर्वसम्पन्न बनाने के जिले के दोनों विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दावे किए जाते हैं मगर जिला अस्पताल वर्तमान में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर की कमी का दंश झेल रहा है ।जिला अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती के गत माह ही नियुक्ति के बाद अब तैनात हुए एक चिकित्सक को यहां से अन्यत्र सम्बद्ध किया जा रहा है ।ऐसे में सरकार की कैसी नीति है कि चिकित्सक को वेतन जिला अस्पताल से मिलेगा औ? तैनाती किसी अन्यत्र जिले में होगी ।ये कैसी नीति है।

सूत्रों के मुताबिक कार्यभार ग्रहण करने के कुछ समय बाद से ही एक चिकित्सक को विभागीय सचिव के निर्देश पर अन्य जनपद में तैनाती देने के आदेश हुए हैं ।पर हमारे जनप्रतिनिधि दावा करते हैं कि जिले में चिकित्सकों के रिक्त पदों पर तैनाती कर दी गई है ।जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव जिला अस्पताल में इस तरह चिकित्सकों की तैनाती के दावे, के बाद जिला अस्पताल में मात्र एक ही ईएमओ के रहने की चर्चाए है ।ऐसे में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरेगी या बिगडेंगी ये सोचनीय विषय बनकर रह गया है ।क्या प्रदेश सरकार की सख्त नीति जिला अस्पताल पर ही लागू होती है ।जहां कुछ समय पूर्व ही स्थायी चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति होने पर उन्हें बिना कोई गलती के ही दंडित कर उन्हें कुमाऊ मंडल कार्यालय में सम्बद्ध करने का आदेश देना और हमारे जिले के विधायकों द्वारा जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारने में सहयोग के बजाय इस ओर कोई ध्यान नही देना भी सवालिया निशान खड़े कर रहा है ।लोगों ने इसे जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने के आरोप लगाए हैं ।वही जनप्रतिनिधियों से शासन स्तर पर अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारने हेतु अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सको की तैनाती सहित जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को जिला अस्पताल में ही तैनाती दिलाने की मांग की है।

वही बागेश्वर संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाते हुए जिले के दोनों विधायकों से जिला अस्पताल की व्यवस्था नही सुधारने, और स्थानांतरित किए जा रहे सीएमएस और अन्य चिकित्सा अधिकारी को अन्यत्र मर्ज किए जाने को नही रोके जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है ।अब देखने वाली बात होगी कि जिला अस्पताल में सीएमएस सहित अन्य चिकित्सकों का स्थानानान्तरण आदेश रद्द कराते है या नही ।फिलहाल जिला अस्पताल में इमरजेंसी चिकित्सा अधिकारियों की कमी बनी हुई है।

# हंगामे के बाद बागेश्वर जिपं में 36 करोड़ का अनुमानित बजट पास

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** जिला पंचायत की सामान्य बैठक में 36 करोड़ 30 लाख का आय और 32 करोड़ 30 लाख का व्यय का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। साथ ही, छह समितियों का गठन किया गया। कांग्रेस ने नियोजन समिति को लेकर हंगामा किया और सदन में विरोध जताते हुए अपनी मांगों को लेकर पुरजोर विरोध किया ।जिसके बाद नाराज होकर सदन से उठकर बाहर चले गए। जिला पंचायत सभागार में हुई सामान्य बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विकास कार्यों हेतु बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम पिछली बैठक के कार्यवृत्त सदन में पढ़ा गया। सभी सदस्यों ने इसकी पुष्टि की। जिला पंचायत के कार्यालय भवन का मानचित्र सर्वसम्मति से बैठक में पारित किया गया।

सदस्यों ने जिपं कार्यालय परिसर सहित अन्य स्थानों में जिपं की सम्पत्ति की जानकारी ली ।पहले सदन में सभी सदस्यों से रायसुमारी की गई ।जिसमें विकास कार्यों को क्रियान्वित करने में जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या ने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की ।वही जिपं सदस्यों से क्रमवार अपनी राय व्यक्त करने की बात कही।

जिसके बाद अपर अधिकारी अनिल जोशी ने जिपं की कार्रवाई के मिनट्स की जानकारी सदन में रखी ।बैठक के दौरान सदस्यों ने



विकास कार्यों में जनपद स्तरीय अधिकारियों के उचित सहयोग से जिपं अध्यक्ष से सभी विभागीयअधिकारियों के साथ सम्म्मनित सदस्यों के साथ बैठक आयोजित किए जाने, साथ ही विभागीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण हेतु सदस्यों के साथ बेहतर सामजंस्य स्थापित किए जाने की अपील की ।साथ ही विपक्षी सदस्यों ने अपने क्षेत्र के विकास में समान रूप से बजट आवंटित किए जाने सहित विभिन्न कमेटी के गठन में मनमाने तरीके से नाम चयनित किए जाने पर नाराजगी जताते हुए सदन में हंगामा शुरू कर बनाई गई कमेटी को आम सहमति से बनाए जाने की मांग की ।जिसके बाद सदस्य सदन की बैठक का विरोध करते हुए सदन के बाहर आ गए।

जिपं सदस्य गोपा धपोला ने इसे सदस्यों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नियमानुसार सदन में प्रस्तावों को पारित करने की मांग उठाई ।और विरोध जताते हुए अध्यक्ष के सम्मुख अपनी मांग पर जबाब मांगने लगी ।जिसके बाद नाराज होकर जिपं परिसर में स्थापित संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठ गए।

इस दौरान जिपं सदस्य बबलू नेगी सरिता आर्या सहित अन्य विपक्षी जिपं सदस्य काफी देर तक मौन धारण कर विरोध करने लगे ।जिसके बाद ईएमई अनिल जोशी विपक्षी सदस्यों को मनाने की कोशिश में जुटे रहे ।वही विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच जिपं में अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की गई ।बैठक में जिपं उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल,जनार्दन लोहुमी, नवीन परिहार, कुंदन प्रसाद,गोपा धपोला,सहित सभी जिपं सदस्य मौजूद थे।

# उत्तराखंड के राज्यपाल ने शहीदों की आरती पर मोहर लगाई

वेलकम इंडिया अनिल कुमार



**गाजियाबाद।** 8 अक्टूबर 2025 , शहीद स्मारक पार्क , मेरठ रोड,गाजियाबाद - आज यहाँ राष्ट्रीय सैनिक संस्था की गाजियाबाद इकाई द्वारा शौर्य को सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल माननीय लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह जी ने कहा की शौर्य प्रदर्शन का हर समय और हर जगह सम्मान किया जाना चाहिऐ वैसे तो यह गुण जन्मजात होता है परंतु मुश्किलों से खेलने का बार बार प्रशिक्षण देने से इसे विकसित भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शहीदों की आरती जो आज बजाई गई है अगर ये स्कूलों की सुबह की प्रार्थना में बजाई जाने लगे तो भारत में देश भक्ति जागरण स्वयं ही प्रारम्भ हो जाएगा। पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक प्रोफेसर ( डा ) पवन सिन्हा गुरु जी ने शौर्य की व्याख्या की और बताया की शौर्य का सम्मान करते है तो सत्य के साथ खड़े होने की ताकत स्वयंम हम मे पनपने लगती है उन्होंने कहा कि 1948 से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक भारतीय सिपाही ने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है उसकी एक बुक लेट हर स्कूल में दी जानी चहिए। एन डी आर एफ के कमांडेंट श्री पी के तिवारी जी ने सुझाव दिया की गाजियाबाद के प्रत्येक स्कूल को एक साल मे कम से कम एक बार आकर शहीद स्मारक पार्क मे शहीदो को श्रद्धांजलि देनी चाहिए जिनकी वजह से हमारा अस्तित्व बचा हुआ है।राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने बताया की शहीद स्मारक पार्क मे राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने गाजियाबाद के शहीदो के नाम मे उनके परिवारों से पौधे लगवाए थे जो आज वट वृक्ष हो गए है गाजियाबाद विकास प्राधिकरण यहाँ जल्द ही एक ओपन ऐयर थियेटर का निर्माण करने जा रहा है और उसने राष्ट्रीय सैनिक संस्था के साथ 09 साल पहले लिखित में करार भी किया था।

देश की वर्तमान भ्रष्टाचारी व्यवस्था को बदलने के लिए चरित्र निर्माण की आवश्यकता है । चरित्र निर्माण के लिए शौर्य को सम्मान आवश्यक है , पूर्व सैनिकों के साथ रहने से शौर्य में वृद्धि होती है । पूर्व सैनिकों के साथ रहने का सबसे अच्छा माध्यम है राष्ट्रीय सैनिक संस्था में शामिल होना । कप्तान के पी सिंह ने कहा की पूर्व सैनिको की संगत मे रहने से भी शौर्य मे वृद्धि होती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अध्यक्ष कर्नल मुकेश त्यागी और गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष गौरव सेनानी ज्ञान सिंह ने आज के कार्यक्रम मे मुजफरनगर से , ऋषिकेश से , दिल्ली से , हरियाणा से , हापुड़ से , मेरठ से , सहारनपुर से , राजस्थान से , शाहजहानपुर से , मैनपुरी से , ऋषिकेश , प्रयागराज से , हरिद्वार , नोएडा आए हुये पदाधिकारियों का अभिनंदन किया शीर्ष पदाधिकारियों की सुंची संलग्न है ये राष्ट्रीय सैनिक संस्था के विशेष तौर पर जिला स्तरीय शीर्ष पदाधिकारी अपनी पूरी टिम के साथ कार्यक्रम मे उपस्थित रहे । संयोजन समिति के गौरव सेनानी चन्दन सिंह , गौरव सेनानी गणेश दत्त , श्रीमति राज शर्मा , श्रीमति अंजु शर्मा , एडवोकेट सुनील शर्मा , पुष्कर सिंह बिष्ट , श्रीमति नमिता भल्ला , श्रीमति संध्या त्यागी , सुश्री स्वाति बंसल के साथ फोटो खिचवाते हुये सभी अतिथियों ने कहा की हमे आप पर गर्व है ।

# नफरत के इस दौर में आज भी जिंदा है मोहब्बत

हिना कमाल/वेलकम इंडिया




**मेंहदावल।** नफरत के इस दौर में आज भी जिंदा है मोहब्बत और आपसी भाईचारा ।यह कहावत नही बल्कि सच्ची हकीकत है ।बुधवार को इसका जीता जागता उदाहरण क्षेत्र के मुडिला कूर्द में देखने को मिला ।इसके बाद लोगों ने कहा कि सियासतदान भले ही साम्प्रदायिक जहर घोलने का लाख प्रयास कर लें लेकिन संत कबीर नगर जिले के लोगों में आज भी साम्प्रदायिक सौहार्द और गंगा जमुनी तहजीब कायम है।

मेंहदावल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजौली के मुडिला खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय संकटा प्रसाद पाण्डेय के इकलौते पुत्र तथा क्षेत्र के आदर्श इंटर कालेज के प्रबंधक आनंद कुमार पाण्डेय के पिता राम मोहन पाण्डेय का बुधवार की सुबह बीमारी के बाद निधन हो गया ।परिवार के कुछ सदस्य परिवार समेत राज्य से बाहर हैं जिनके घर पहुंचने में देर रात होती ।इस कारण दाह संस्कार बृहस्पतिवार को अयोध्या में होना तय हुआ।

इतने समय तक शव को किसी कूलिंग सिस्टम में रखने की आवश्यकता महसूस हुई ।इसके लिए पड़ोसी गांव रतनापार की मदीना मस्जिद ने शव को ठंडा रखने वाला अपना कूलिंग सिस्टम उपलब्ध कराया जिसमे पाण्डेय जी का शव रखा गया ।इसे देखकर सब ने यही कहा कि नफरत के इस दौर में आज भी जिंदा है ।मृतक अपने पीछे चार पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए ।उनके पुत्र रविन्द्र कुमार पिंटू पाण्डेय वर्तमान में गजौली ग्राम पंचायत के प्रधान हैं।

# पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में आत्मनिर्भर नवभारत यात्रा का शुभारंभ : राकेश कुमार सिंह



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में उनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने हेतु,कृषक विकास ग्रामोद्योग संस्थान, सिरिहिरा (सेवापुरी) में सिल्क प्रोसेसिंग यूनिट का भव्य शुभारंभ किया गयो इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन मनोज कुमार अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गयो कार्यक्रम का संचालन खादी ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक नितेश धवन के कुशल मार्गदर्शन में किया गया जिनके निर्देशन में रोजगार परक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है यह आयोजन खादी बगिया परिसर भीषमपुर (सेवापुरी) में सम्पन्न हुओ सिल्क प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना वर्ष 2022-23 में स्वीकृत योजना 13 जून 2022 के अंतर्गत की गई है जिसकी कुल धनराशि 21,81,820 रुपए स्वीकृत की गई थी।

संस्थान के मंत्री संदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस इकाई की स्थापना से सेवापुरी क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सकेंगी मनोज कुमार अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग आयोग के सौजन्य एवं सहयोग से स्थापित यह यूनिट ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी इस यूनिट की स्थापना से प्रदेश के रेशम कीट पालकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हुआ है अब उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए स्थानीय प्लेटफॉर्म प्राप्त हो गया है जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

पूर्व में वाराणसी क्षेत्र की संस्थाओं को बंगाल,उड़ीसा और असम से सिल्क क्रय करनी पड़ती थी किंतु अब वाराणसी में ही सिल्क की उपलब्धता होने से समय एवं धन की बचत होगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता प्राप्त होगी राकेश कुमार सिंह प्रधान भीषमपुर एवं जिलाध्यक्ष,प्रधान संघ वाराणसी ने बताया कि ग्राम सभा की 1000 से अधिक महिलाओं को इस संस्था के माध्यम से रोजगार प्राप्त हो रहा है उन्होंने संस्था के मंत्री संदीप कुमार सिंह,आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्राम सभा की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मूर्त रूप प्रदान करती है और यह सिद्ध करती है कि भारत की सच्ची शक्ति उसकी आत्मा में है और वह आत्मा उसके गाँव,किसान एवं नारी में बसती है।

# भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित ने खलीलाबाद में की पत्रकार वार्ता

वेलकम इंडिया

**धनघटा।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित ने बुधवार को खलीलाबाद स्थित भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री दिनेश राय के आवास पर पत्रकारों से विशेष बातचीत की। इस अवसर पर भारती किसान संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पत्रकार वार्ता के दौरान श्री दीक्षित ने भारतीय किसान संघ के उद्देश्यों, किसानों की मौजूदा समस्याओं, उनके समाधान और संगठन की उपलब्धियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का किसान अनेकों प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें फसल की सही कीमत न मिलना, सिंचाई की समस्याएं, बिचौलियों की मनमानी, भूमि अधिग्रहण में विसंगतियां और कृषि उपकरणों की बढ़ती लागत शामिल हैं। श्री दीक्षित ने कहा कि भारतीय किसान संघ पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने बताया कि संघ ने विभिन्न मंचों पर किसानों की आवाज बुलंद की है और सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाई हैं। उनके अनुसार, किसानों की कुछ प्रमुख समस्याओं के समाधान में भारतीय किसान संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उदाहरणस्वरूप, उन्होंने बताया कि संघ के दबाव के चलते कई राज्यों में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान समय पर कराया गया, तथा मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीद की निगरानी के लिए समितियां गठित कराई गई हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय किसान संघ राजनीति से ऊपर उठकर केवल किसानों के हित में कार्य करता है। संगठन किसी भी राजनीतिक दल का पक्ष नहीं लेता, बल्कि किसानों की समग्र भलाई के लिए नीतिगत बदलावों पर जोर देता है। उन्होंने बताया संत कबीर नगर में आने पर यह पता चला कि मेहदावल में आज भी किसानों की जमीन का मुआवजा नहीं बना जिस पर सड़क बन गई है और सरकार उसे स्टेट हाईवे बनाने का कार्य करने जा रही है उसके लिए किसानों के सामने बड़ी समस्या किसने की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही साथ दक्षिणांचल में स्थित गांव में बाढ़ आती है और परेशानियां बढ़ती है लेकिन इसका संक्षिप्त उपाय नहीं हो पा रहा है किसानों के खेत जो नदी की धारा में विलीन हो गए हैं उसके मुआवजे के लिए भी प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री दिनेश राय ने कहा कि संतकबीरनगर जनपद में भी किसान अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। नहरों में पानी की आपूर्ति अनियमित है, स्थानीय मंडियों में पारदर्शिता नहीं है और बिजली की समस्या भी विकराल होती जा रही है। इन मुद्दों को लेकर संघ द्वारा जिला प्रशासन से लगातार वार्ता की जा रही है, और आगामी दिनों में आंदोलन की रणनीति भी तैयार की जा रही है।

# पूर्व विधायक धीरज ओझा के प्रेम साधना पैलेस पर आयोजित हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़।** भाजपा के येज तर्रार नेता पूर्व विधायक धीरज ओझा के आवास प्रेम साधना पैलेस में ह्लआत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानह्व एवं नेक्स्ट जेन जी एस टी सुधार विषयक भव्य सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसने बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पट्टी के पूर्व विधायक आदरणीय श्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों, कार्यकताओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि श्री मोती सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा – प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की कर व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता आई है। जी एस टी में हुए सुधार न केवल व्यापारियों को राहत दे रहे हैं बल्कि ईज आफ डूइग बिजनेस की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है।

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि निवर्तमान विधायक श्री धीरज ओझा जी ने कहा नेक्सदट जे जी एस टी सुधार व्यापार जगत को नई ऊर्जा दे रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर व्यापारी सशक्त और स्वावलंबी बनेगा।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ श्री सत्यम ओझा जी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गौरा श्री राकेश सरोज जी, जिला सहकारी संघ अध्यक्ष श्री नीरज ओझा जी, सभी मंडल पदाधिकारीगण, व्यापारी बंधु एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि – कम टैक्स, अधिक पारदर्शिता की नीति के साथ जी एस टी सुधार और आत्मनिर्भर भारत का अभियान देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

# दो दिन की बारिश में स्मार्ट सिटी बरेली बना स्लज वाटर सिटी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** दो दिन की बारिश ने बरेली नगर निगम के करोड़ों के नाला सफाई अभियान की हकीकत की पोल खोल कर रख दी है। स्मार्ट सिटी का दावा करने वाले शहर की सड़कों पर गंदा पानी और नालों का उफान प्रशासन की नाकामी का आईना बन गया। बरेली अब स्मार्ट सिटी नहीं स्लज वाटर सिटी बनकर रह गया है।

जनकपुरी, मॉडल टाउन, सुभाष नगर, राजेंद्र नगर जैसे पॉश इलाकों से लेकर बिहारीपुर, हजियापुर, नेकपुर और कुंवरपुर जैसे पुराने मोहल्लों तक हर जगह लोगों के घरों में पानी घुस गया। नाले उफन पड़े, सड़कें तालाब बन गईं और निगम के अफसरों ने ऑफिस की कुर्सियों से उठने की जहमत तक नहीं की। जानकारी के अनुसार नगर निगम हर साल नाला सफाई पर 5.5 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का दावा करता है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि ज्यादातर नाले अब भी कूड़े और पॉलिथिन से भरे पड़े हैं। सुभाष नगर पुलिया के नीचे चार फुट तक पानी जमा रहा। मॉडल टाउन, राजेंद्र नगर, गणेश नगर, और डीडीपुरम में तो हालत यह रहे कि लोगों को घरों से निकलने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। स्मार्ट सिटी की चमकदार रिपोर्टों के बीच नागरिकों ने खुद डंडों से नालों की सफाई कर निगम की नींद तोड़ने की कोशिश की। नगर निगम के अधिकारी और सफाई कर्मी मैदान से पूरी तरह गायब रहे। जलभराव की सूचना मिलने के बाद भी किसी वार्ड में निरीक्षण तक नहीं किया गया। नेकपुर, तलैया और हजियापुर के मकानों में पानी घुसने से लोगों का रोजमर्रा का जीवन ठप हो गया। नगर निगम की लापरवाही पर जनता ने खुलकर कहा कि करोड़ों की सफाई पर खर्च, लेकिन एक बारिश में निगम का सच बह गया। नगर निगम का भ्रष्टाचार अब स्मार्ट सिटी टैग पर सवाल खड़ा कर रहा है।

# पानीगांव वृंदावन व्यस्ततम रोड़ पर रात के अंधेरे में बेसहारा गौवंशों का बसेरा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** पानीगांव - वृंदावन व्यस्ततम रोड़ पर बेसहारा गौ वंशों की संख्या हुई वृद्धि अब बड़े हादसों का कारण बनती जा रही है। भले ही शहर से गांव तक गोवंश संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हों लेकिन सच्चाई इससे विपरीत है। यमुना एक्सप्रेस-वे के पानीगांव - वृंदावन व्यस्ततम रोड़ पर बेसहारा गोवंशों का घूमना आम बात हो गई है। रात के अंधेरे में ये बेसहारा गोवंश न सिर्फ यातायात में बाधा बनते हैं, बल्कि कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन चुके हैं। जबकि पानीगांव क्षेत्र में दो गौशालाएं हैं और वृंदावन शहर में दो दर्जन से अधिक छोटी बड़ी गोशालाएं संचालित हैं। इसके बावजूद सड़कों पर बेसहारा गोवंशों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। रात होते ही बीच सड़क पर गोवंशों का झुंड एकत्रित होकर बैठ जाता है। जिसकी ताजा तस्वीरें जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही घोर लापरवाही की सच्चाई दिखाने के लिए काफी हैं। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ ने जिम्मेदार अधिकारियों से बेसहारा गौ वंशों को पकड़वा कर गौशालाओं में भिजवाने की मांग की है

# 9 साल से फरार चेयरमैन पर फिर गैरजमानती वारंट जारी

वेलकम इंडिया





**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर के चेयरमैन वसी उर्र रहमान और उसके भाई मुत्तालिब के खिलाफ न्यायालय ने एक बार फिर गैरजमानती वारंट जारी किया है।

यह वारंट उसी बहुचर्चित 2016 के जानलेवा हमले के मामले से जुड़ा है, जिसमें तत्कालीन चेयरपर्सन के पति भाई और उनके परिजनों पर हमला किया गया था।9 साल बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी चेयरमैन अब तक गिरफ्तारी से बाहर है, जबकि न्यायालय अब तक करीब 30 बार गैरजमानती वारंट जारी कर चुका है। इसके बावजूद किठौर पुलिस वही रटा रटाया जवाब देती है गिरफ़्तारी के प्रयास जारी हैं ।बुधवार को न्यायालय ने किठौर पुलिस को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि वसी उर्र रहमान और मुत्तालिब को गिरफ्तार कर 14 अक्टूबर तक न्यायालय में पेश किया जाए ।अदालत ने यह भी कहा है कि गिरफ्तारी में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए, अन्यथा जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी ।वर्ष 2016 में वसी उर्र रहमान, उसके भाइयों और पांच अन्य पर धारा 307 (हत्या का प्रयास) सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज हुआ था।

कुल 10 आरोपियों में से 6 लोगों को उस समय जेल भेजा गया था, लेकिन मुख्य आरोपी चेयरमैन वसी उर्र रहमान लगातार फरार चल रहा है।

कानून के अनुसार, इतने लंबे समय तक गैरहाज़िर रहने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस को प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित कराने की कार्यवाही करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा अब तक नहीं हुआ।

किठौर पुलिस पर गंभीर सवालः मिलीभगत या दबाव ?*

लगातार न्यायालय के आदेशों के बाद भी कार्रवाई न होना, किठौर पुलिस की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

सूत्रों का कहना है कि चेयरमैन की राजनीतिक पकड़ और स्थानीय प्रभाव के कारण पुलिस कार्रवाई से बचती रही है।

भड़ाना हत्याकांड में भी उजागर हुई थी पुलिस की ढिलाई यही किठौर पुलिस हाल ही में भाजपा नेता प्रमोद भड़ाना हत्याकांड में भी नाकाम रही थी।

मुख्य आरोपी रॉबिन गुर्जर हत्या के बाद फरार हो गया था और वकील की वेशभूषा पहनकर कोर्ट में सरेंडर कर गया, जबकि पुलिस घेराबंदी का दावा करती रही।

ये बोले वादी पक्ष के अधिवक्ता

वादी के अधिवक्ता का कहना है कि यदि किसी आरोपी पर बार-बार गैरजमानती वारंट जारी हो और गिरफ्तारी न हो पाए, तो पुलिस को आरोपी को फरार घोषित कर उसकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए,साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों से जवाबदेही भी होनी चाहिये

न्यायालय की सख़्ती बनाम पुलिस की ढिलाई... कौन जीतेगा ?

# अखिलेश-आजम ने दिया सपा में एकजुटता का संदेश

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली/रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को रामपुर पहुंचे, जहां उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जौहर यूनिवर्सिटी से लेकर आजम खां के घर तक सपा कार्यकताओं का भारी जमावड़ा देखने को मिला। जगह-जगह सपाइयों ने अपने नेता का स्वागत किया और ‘जय समाजवाद’ के नारे गूंजते रहे।

आपको बता दें कि अखिलेश यादव का यह दौरा पहले से ही प्रस्तावित था, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे खास महत्व दिया जा रहा है। आजम खां के जेल से रिहा होने के बाद यह अखिलेश यादव और आजम खां की पहली भेंट रही। लंबे समय से दोनों नेताओं के रिश्तों में दूरियों की अटकलें लगाई जा रही थीं। ऐसे में यह मुलाकात उन सभी अटकलों पर पूर्णविराम लगाती दिख रही है।

जौहर यूनिवर्सिटी में आजम खां ने खुद पहुंचकर अखिलेश यादव का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने कुछ देर बातचीत की और फिर साथ में उनके घर पहुंचे। इस दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और स्थानीय पुलिस ने व्यवस्था संभाले रखी। इससे पहले अखिलेश यादव का विमान बरेली एयरपोर्ट पर उतरा। इनमें सपा सांसद नीरज मौर्य, विधायक शहजिल इस्लाम, विधायक अताउर रहमान, जिलाध्यक्ष शिवरण कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी शामिल रहे। इस मुलाकात को सपा के भीतर एकता और पुराने रिश्तों को मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि आजम खां से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक को साधने की कोशिश को नया आयाम दिया है।

# पराली जलाने की घटनाओं पर डीएम ने दिखाई सख़्ती

वेलकम इंडिया



मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह कि अध्यक्षता में पराली जलाने के सम्बन्ध में बैठक हुई संपन्न। प्रदेश में पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं जनपद मथुरा में हुई है। पराली जलाने की घटनाओं पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सख़्ती दिखाई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर पराली जलाने की घटनाओं में अंकुश लगाने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पराली को विभिन्न स्थानों से क्रय करके सी0बी0जी0 प्लांट में भी पहुचायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सचिव, ग्राम प्रधान, लेखपाल आदि अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों से संवाद करें तथा उनसे पराली खरीदे और गौशालाओं में पहुंचाए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैक्टर के माध्यम से सभी किसानों की पराली को उनके मूल स्थान से उठाते हुई गौशालाओं में पहुचायें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया है कि मा० उच्चतम न्यायालय एवं मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। जनपद के समस्त धार्मिक स्थल के संचालक / प्रमुखगण से अपील की गयी है कि अपने धार्मिक स्थल से इस आशय का सन्देश प्रसारित करा दें कि 'फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ भूमि के पोषक तत्वों की अत्यधिक क्षति, मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होने से मृदा के भौतिक, रासायनिक, जैविक दशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं, जिससे फसलों का उत्पादन कम होता है तथा गुणवत्ता खराब होती है।

फसल अवशेष की घटना की पुष्टि होने पर 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रू 5000, 2 से 5 एकड़ क्षेत्र के लिए रू 10000 एवं 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रू 30000 की प्रति घटना पर्यावरण कम्पेन्सेशन की वसूली तथा घटना की पुनरावृत्ति पर अर्थदण्ड की वसूली व कारावास का भी प्राविधान है।

जनपद में कोई कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रैक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष यन्त्रों के बगैर चलते हुयी पायी जायेगी तो उसको तत्काल सीज करते हुए कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जायेगा। कुछकिसान भाई इस भ्रम में रहते हैं कि रात्रि में या सुबह 2-3 बजे पराली / फसल अवशेष में आग जलाने पर किसी को पता नहीं चलेगा इस विषय में अवगत कराना है कि पराली / फसल अवशेष जलाने की सूचना उपग्रह द्वारा 24 घण्टे रीयल टाइम फोटो सहित प्रेषित की जाती है, इसलिए कोई सम्भावना नहीं है कि पराली / फसल अवशेष जलाने की घटना को छुपाया जा सके ।

## मिशन शक्ति 5.0 की अनूठी पहल

# छात्रा लवली को मिला एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व

वेलकम इंडिया

मथुरा। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत छात्रा लवली को एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व मिला। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लवली का स्वागत किया तथा जिलाधिकारी मथुरा का पदभार दिया। राजकीय हाई स्कूल लोहवन की कक्षा 10 की छात्रा लवली ने दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने का आदेश किया। महिलाओं के अधिकारों पर जागरूकता की मिसाल दिखाई। छात्रा लवली ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के साथ जनसुनवाई की। एक दिन की जिलाधिकारी बनी लवली ने लोगों की समस्याएं सुनी, त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनपद में आयोजित हो रहे



विभिन्न मिशन शक्ति अभियान 5.0 के कार्यक्रम। मेधावी छात्राओं ने एक दिन के लिए संभाले जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण पद। चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिलाधिकारी आदि महत्वपूर्ण पदों पर एक दिन के लिए छात्राओं को बनाया गया अधिकारी। उक्त पहल से छात्राओं में बढ़ रही जागरूकता।

लवली ने एक दिन के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की भूमिका निभाई और जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के साथ बैठकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए अपनी समझदारी और संवेदनशीलता से सबका दिल जीत लिया। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठी लवली ने जनसुनवाई के दौरान कठमालिया थोक छाता तहसील निवासी मुकेश कुमार सिंह के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए, जिससे दिव्यांगजन सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सके। उनके इस निर्णय से उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी प्रशंसा की।

# तौकीर रजा ने 1997 में बदायूं में ली थी पांच हजार की खाद, ब्याज बना 28 हजार, अब होगी वसूली



बरेली। शहर में हुए बवाल के आरोपी मौलाना तौकीर रजा की मुश्किलें अभी थमने का नाम ही नही ले रही हैं, एक नया मामला सामने आया है जिसमें मौलाना ने बदायूं जिले के अपने गांव में रहने के दौरान साधन सहकारी समिति करतौली से खाद ली थी। उसका न तो ब्याज दिया गया और न ही मूलधन ही जमा किया गया। इस मामले में अब बैंक ने ब्याज वसूलने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद अब बदायूं में जांच के दौरान सामने आया है कि मौलाना तौकीर रजा ने साल 1997 में बैंक से 5055.60 रुपये की खाद ली थी। अब इस पर ब्याज सहित कुल बकाया 28346 रुपये हो गया है। बैंक प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डीसीडीएफ अध्यक्ष रवेंद्र पाल सिंह ने बताया है कि तौकीर रजा मूल रूप से बिनावर थाना क्षेत्र के करतौली गांव के रहने वाले हैं। यह लोन उन्होंने 1997 से पहले साधन सहकारी समिति करतौली से फसल उगाने के लिए लिया था। लोन लेने के बाद उन्होंने न तो मूलधन चुकाया और न ही ब्याज जमा किया। बैंक की ओर से उन्हें कई नोटिस भेजे गए थे। हालांकि, इस दौरान वह धर्मगुरु और राजनीति में एक बड़ा चेहरा बन गए, जिसके कारण उनपर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। बरेली बवाल के बाद तौकीर की गिरफ्तारी होने के बाद उनसे जुड़े रिकॉर्ड बदायूं में भी खंगाले गए। इसी दौरान बैंक लोन के बकाये का यह मामला सामने आया। डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना ने बताया कि तौकीर पर बकाया राशि निकली है। विभाग अपने स्तर से कार्रवाई करेगा।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा में बुधवार को एक विवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची बारादरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला जोगी नवादा वार्ड नंबर 33 निवासी 29 वर्षीय पूजा राठौर पत्नी अंकित राठौर का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। पूजा की शादी वर्ष 2021 में हुई थी और उसकी तीन साल की एक बेटी भी है। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। नाराज होकर पूजा ने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया है कि पति अंकित राठौर ने घटना की सूचना अपने ससुर राधेश्याम निवासी मैलानी, जनपद लखीमपुर खीरी को दी। सूचना मिलते ही मायके पक्ष की महिलाएं और परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अंकित राठौर अक्सर पूजा को प्रताड़ित करता था, जिससे परेशान होकर उसने अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मंदिर से पुजारी का सामान फेंका, पुलिस से धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

बरेली। थाना कोतवाली क्षेत्र के बरेली कॉलेज चौराहे के पास स्थित संकट मोचन मंदिर में बुधवार सुबह पुजारी और मोहल्ले के लोगों के बीच जमकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट और हंगामा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना को लेकर मंदिर के पुजारी रामशंकर पांडे ने बताया है कि वह पिछले 17 वर्षों से अपनी पत्नी गीता के साथ मंदिर की सेवा कर रहे हैं और यहीं निवास करते हैं। उनका आरोप है कि मोहल्ले के कुछ लोग मंदिर की कीमती जमीन पर कब्जा कर अपनी पसंद का पुजारी बैठाना चाहते हैं। पंडित पांडे के अनुसार, बुधवार सुबह यादव मोहल्ले की कई महिलाएं और पुरुष अचानक मंदिर पहुंचे और उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान उनका सामान



बाहर फेंक दिया गया और मोबाइल फोन छीन लिया गया। आरोप है कि उन्हें धमकी दी गई कि ह्लयहाँ से चले जाओ, नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।ह्व सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह माहौल को शांत कराया, लेकिन भीड़ ने पुलिसकर्मियों से भी धक्का-मुक्की और बदतमीजी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पूरा घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधिकारियों ने इस घटना को लेकर बताया है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वहीं क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुजारी के खिलाफ पहले से कई शिकायतें हैं और मंदिर में गलत गतिविधियां होती थीं। मोहल्ले के लोगों ने उन्हें कई बार मंदिर खाली करने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने स्थान नहीं छोड़ा, जिसके चलते आज विवाद भड़क गया। फिलहाल पुलिस ने पुजारी रामशंकर पांडे की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# बंधन बैंक में लोन के नाम पर धोखाधड़ी, ग्रामीण ने की कार्रवाई की मांग

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटिल निवासी वासिल पुत्र सब्बीर ने लोन के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि जरूरी कार्य के लिए उन्हें लोन की आवश्यकता थी। इस दौरान उनकी मुलाकात बंधन बैंक में कार्य करने वाले विक्की, रियाज, शौकीन, अकरम और गुफरान से हुई। इन लोगों ने पीड़ित को लोन दिलाने का आश्वासन दिया और फर्जी तरीके से उनके हस्ताक्षर करा लिए। बाद में इन्होंने लोन देने से इनकार कर दिया। वासिल ने अन्य बैंक में लोन के लिए आवेदन किया तो पता चला कि उनके नाम पर पहले से ही एक लाख रुपये का लोन चल रहा है और उसकी तीन किस्तें भी जमा हो चुकी हैं। इस जानकारी से पीड़ित के होश उड़ गए। अन्य बैंक शाखा से मिली जानकारी के आधार पर वासिल ने थाने में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दो दिवसीय अधिवेशन में साधु-संतो ने महाप्रसाद किया ग्रहण

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

वाराणसी। श्री सिद्धपीठ यमुनेश्वर आश्रम (आरा मठ) श्री पंचदसनाम जूना अखाड़ा के राजघाट भदऊ चुंगी स्थित आश्रम प्रांगण में आश्रम संस्थापक परमहंस परिवाजकाचार्य व समस्त गुरूमूर्ति के वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय अधिवेशन एवं साधु-संत भंडारे का आयोजन किया गया` इस अवसर पर आश्रम के पूर्वांचल महंत स्वामी वैभव गिरी महाराज में बताया कि प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया तिथी को आश्रम संस्थापक एवं समस्त गुरु मूर्तियों का वार्षिकोत्सव मनाया जाता हैं` इसी उपलक्ष्य में सात से आठ अक्टूबर तक दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

प्रथम दिवस मंगलवार को चौबीस घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ हुओ द्वितीय दिवस बुधवार को पाठ के पूणार्हुति के उपरांत आयोजित अधिवेशन मे देशभर से आए साधु-संत



एवं महात्माओं ने गुरु मूर्तियों पर पुष्पांजलि अर्पित की दोपहर बाद भंडारे में साधु संत एवं महात्माओं को महाप्रसाद ग्रहण कराकर अंग वस्त्रम, दक्षिणा देकर ससम्मान विदाई की गई` भंडारा दोपहर से अर्धरात्रि तक चला जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों के अलावा हजारों स्थानीय भक्तजनों ने भी महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से काशी सुमेरु पीठ के जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, पूर्व मंत्री व विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, महेंद्र गिरी, महामंडलेश्वर सहित तेरहों अखाड़े के साधु- संत-महात्माओं के साथ काशी के गणमान्य लोग एवं हजारों भक्तगण उपस्थित थे।

## संघ और भाजपा के प्रमुख पुरोधा एड कुंदन परिहार के

# प्रदेश महामंत्री बनने के बाद गृह जनपद बागेश्वर पहुंचने पर जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

बागेश्वर। गोबिन्द मेहता, आरएसएस के स्वयं सेवी के रूप में संघ की विभिन्न प्रांतों में संघ सेवी के रूप में उत्कृष्टकार्य करने वाले, भाजपा सँगठन के महारथी के रूप में युवा शक्ति के पूरोधा माने जाने वाले युवा नेता एडवोकेट कुंदन परिहार के भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद बागेश्वर पहुंचे।जिले की सीमा में पहुँचते ही भाजपा कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए जगह जगह सड़कों में नजर आए।वही बागेश्वर पहुंचते ही उनका यहां जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। श्री परिहार के स्वागत के लिए कई कार्यकर्ता वाहनों में जनपद चमोली की सीमा पर पहुंच गए थे।भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट



परिहार बुधवार को बागेश्वर पहुंचे। उनका सिरकोट, डंगोली, बैजनाथ समेत गागरीगोल, रवाईखाल समेत बागेश्वर में भव्य स्वागत किया गया। जगह जगह हुए स्वागत कार्यक्रम में कार्यकताओं ने श्री परिहार को फूल मालाओं से लाद दिया तथा आतिशबाजी करके मिष्ठान वितरित किया। जहां एसबीआई तिराहे पर उनके स्वागत हेतु मिष्ठान वितरण कर माल्यार्पण कर कार्यककताओं ने आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया।और फिर नगर में अभिनन्दन रैली निकाली गई।

इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया,जिला जिला उपाध्यक्ष मनोहर राम आर्य,महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या , नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास व गौरव दास,जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगणियां, गरूड़ के प्रमुख किशन बोरा,सुनील दोसाद, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही, आदर्श कठायत, पूर्व महामंत्री डा राजेंद्र परिहार, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, युवा नेता बलवंत टँगड़िया, मनोज ओली,महेश खेतवाल,जीवंती कांडपाल, नैना लोहुमी, ,सहित दर्जनों भाजपा नेता उपस्थित थे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन



वेलकम इंडिया

कांधला। (मोहसीन रहमानी) नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वाल्मीकि समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ वाल्मीकि बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर प्रांगण से हुआ। शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेता मनीष चौहान तथा मुर्शिद ठेकेदार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोभायात्रा प्रारंभ होते ही वातावरण जय महर्षि वाल्मीकि के जयघोष से गूंज उठा। महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ वाल्मीकि जयंती की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।इस दौरान भाजपा नेता मनीष चौहान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के अमर कवि और प्रथम महाकाव्य रामायण के रचयिता थे। उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि शिक्षा और ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है। वहीं मुर्शिद ठेकेदार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं, हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, समानता और सद्भाव फैलाना चाहिए।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों वाल्मीकि बस्ती, मैन बाजार, कैराना बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुनः वाल्मीकि मंदिर प्रांगण पर संपन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

इस दौरान योगराज सिंह,प्रदीप उर्फ बबला, दीपक, देवी चंद्र बिरला, नौशाद जंग, अजहर जंग, डॉक्टर रश्मिकांत जैन, सुरेंद्र कुमार, दिला प्रधान सहित आदि मौजूद रहे।

# जनसभा कार्यक्रम को लेकर किया बैठक का आयोजन

संतोष कुमार सिंह

वाराणसी । भारतीय जन क्रांति परिषद आस्था भारत के द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को लखनऊ में होने वाली जनसभा कार्यक्रम को लेकर दुगार्कुण्ड स्थित शनि पीठाधीश्वर स्वामी कन्हैया महाराज के आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पदाधिकारीगण वाराणसी पहुंचे और बैठक में हुए शामिल` शनि पीठाधीश्वर स्वामी कन्हैया महाराज ने दीप प्रज्वलंन कर एवं शनि मंत्र का जाप करके शुरू किया बैठक` इस अवसर पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गौतम कुमार,राष्ट्रीय महासचिव शरद सेठ, पूनम राय,अभिनेता चंदन राय,नन्दन पटेल,देवी प्रसाद पटेल,मधु सिंह,जय गुप्ता सहित इत्यादि तमाम वरिष्ठ पदाधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी कन्हैया महाराज ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से कहा की संगठन में ही शक्ति होती है संगठन को मजबूत करना हम सबका दायित्व हैं` दिन- रात मेहनत करके संगठन को मजबूत करके ही हम लोग सत्ता की प्राप्ति कर सकते हैं,सत्ता प्राप्ति का सबसे मजबूत साधन हैं` संगठन को मजबूत करना है तो संगठन में एक दूसरे से जोड़ना होगा जब लोग जुड़ेंगे तभी संगठन मजबूत होगा` जब संगठन मजबूत होगा तभी देश मजबूत होगा,जब देश मजबूत होगा तो हम लोग मजबूत होंगे इसलिए देश की मजबूती के लिए राष्ट्रभक्ति के लिए देशभक्ति के लिए सबको जोड़ना बहुत जरूरी है।

बैठक में गौतम कुमार ने कहा कि हम दिन -रात मेहनत कर रहे है घर-घर गांव-गांव जा रहा है हम लोगों से मिल रहा है` जय श्री राम का नारा,जय शनि देव का नारा हम लोग लगातार लगाते रहे हैं और लोगों को लोगों के साथ चल रहे हैं कंधे से कंधा मिलाकर हम लोग चल रहे हैं दीन दुखियों की मदद कर रहे हैं` संगठन लोगों की लगातार मदद कर रही है हम लोग हर क्षेत्र में हर प्रकार के लोगों की मदद कर रहे हैं जितना संभव हो मदद करते आ रहे हैं।

बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पदाधिकारियों ने भी अपना अपना विचार व्यक्त कियो प्रदेश मंत्री सविता ने बताया कि हम लोग महिलाओं के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं और महिला शक्ति लगातार मजबूत होती जा रही हैं` इस अवसर पर शनि पीठाधीश्वर स्वामी कन्हैया महाराज ने सभी पदाधिकारियों को आशीर्वाद देकर कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं` सभी लोगों ने जय शनिदेव का उद्घोष करके नारा लगाया और हिंदू राष्ट्र मजबूत सनातन धर्म के लिए देशभक्ति के लिए सभी लोगों ने प्रेम लेकर आगे बढ़ने का निश्चय किया।

# भारत विकास परिषद आस्था द्वारा वाराणसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

वाराणसी। भारत विकास परिषद आस्था द्वारा वाराणसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन शानदार तरीके से किया गया` माँ भारती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्वलन तथा शालिनी श्रीवास्तव के वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गईं` निर्णायक की भूमिका में श्रद्धेय डॉ आशीष मिश्रा एवं अभिषेक गुप्ता ने अपना अमूल्य समय निकालकर उपस्थित सभी टीमों के हिन्दी व संस्कृत गायन को निर्धारित बिन्दुओं पर ध्यानपूर्वक सुना और परखा इसके बाद निर्णायक मंडल ने अपना अंतिम फैसला सुनाया।







अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने सभी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन कियो स्कूल की प्रधानाचार्या ने परिषद के इस तरह के प्रयासों को काफी सराहा और भविष्य में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। निर्णायक मंडल ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों की सराहना की और कुछ बारीकियों का भी उल्लेख किया` कार्यक्रम का संचालन अनिता यादव ने बहुत अच्छे तरीके से किया एवं संयोजक संस्कार अमित श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता के नियम व शर्तों से सभी को अवगत कराया । प्रांतीय वित्त सचिव रमेश कुमार का मार्गदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा सभी टीमों ने अति सुन्दर गायन प्रस्तुत किया और उपस्थितजन को प्रभावित किया` आस्था परिवार की ओर से अन्य सहयोगी सदस्यों में कोषाध्यक्ष अवनीश सिंह,विजया श्रीवास्तव,सुबोध सिन्हा,दिनेश यादव,दिनेश कुमार राय,विनोद मिश्रा ने अपनी सहभागिता की।

# कैंप में मिशन शक्ति फेज-5 एवं साइबर अपराध से सुरक्षा सम्बन्धी दी महत्वपूर्ण जानकारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पंचशील बालक इंटर कॉलेज नोएडा में 13 यू पी वाहिनी एन सी सी गाज़ियाबाद के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -134 में पंचशील चौकी इंचार्ज प्रीती चौधरी ने एन सी सी कैडेट्स को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, सशक्तिकरण स्वावलंबन एवं कल्याण हेतु चलायी जा रही योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, इसके अलावा साइबर टीम ने साइबर अपराध से बचने के बारे में कैडेट्स को विस्तार से बताया ।पंचशील चौकी इंचार्ज प्रीति चौधरी के नेतृत्व मे, एस आइ हरिओम गौतम, हेड कांस्टेबल प्रदीप,इरम खान,सुमन आदि ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक व्यापक पहल है ।कार्यक्रम का संचालन के दौरान मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि मिशन शक्ति फेज-5, बालिकाओं एवं नारी सुरक्षा और सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और तकनीकों की जानकारी देकर छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके बताकर बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके उपरांत चौकी इंचार्ज प्रीति चौधरी ने सभी को बालिकाओं एवं महिलाओं का सम्मान करने हेतु शपथ दिलाई उपनिरीक्षक तोमर ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान,पब्लिक वाईफाई का उपयोग करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिये।।सीनियर जीसीआइ निशा सिंह एवं शालिनी चौधरी ने कैडेट को हाइजीन एवं सेनीटेशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने के लिए प्रेरित किया ।कैंप कमांडेंट कर्नल अमित भटनागर न मिशन शक्ति-5 एवं साइबर क्राइम टीम को धन्यवाद दिया तथा एन सी सी कैडेट्स से अच्छे नागरिक बन राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। विदित हो कि कैंप में 13 यू पी वाहिनी एन सी सी गाज़ियाबाद, 31 यू पी एन सी सी वाहिनी नोएडा एवं 35 यू पी वाहिनी मोदीनगर के 550 से अधिक एनसीसी कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं ।इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर मुन्नी पंकज, एडजुडेन्ट सुरभी त्यागी, सुबेदार मेजर राजेश सिंह, सूबेदार मेजर हवा सिंह,एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, सीनियर जीसीआई शालिनी, निशा, मोनिका सागर, लक्ष्मी,नायब सूबेदार यशपाल सिंह,नायब सूबेदार शीशपाल, बीएचएम ओमपाल सिंह सीएचएम नील कमल,हवलदार सन्दीप, चेतन, अरविंद दीक्षित, देवेंद्र कुमार बिष्ट,प्रभाकर,कैशव, सुशील, परविंदर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पंजाबी संगठन द्वारा जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पंजाबी संगठन, मोदीनगर एवं महिला पंजाबी संगठन, मोदीनगर द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष सेवा यात्रा आयोजित की गई ।यह सेवा अभियान गुरदासपुर, पंजाब में संपन्न हुआ, जहाँ दोनों संगठनों की टीम ने पहुँचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। दोनों संगठनों के सदस्यों ने पिछले माह से ही पंजाब की सामाजिक संस्थाओं से संपर्क बनाए रखा था ताकि वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता पहुँचाई जा सके। इन संस्थाओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर राहत सामग्री के रूप में गद्दे, फोल्डिंग बेड और सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। यह सेवा यात्रा मानवता और सहयोग की भावना का प्रतीक रही। सदस्यों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि ह्लसेवा ही सच्चा धर्म है। पिछले 35 वर्षों से पंजाबी संगठन, मोदीनगर समाज सेवा और मानव कल्याण के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहा है, और यह राहत अभियान उस सतत सेवा यात्रा की एक और कड़ी है।

# किरतपुर में कृषि विभाग की छापेमारी ,दो विक्रेताओं पर की निलंबन की कार्रवाई



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर किरतपुर ।नगर में कृषि विभाग की टीम द्वारा छापेमारी से हड़कंप मच गया वहीं टीम ने दो विक्रेताओं पर निलंबन की कार्रवाई की है। छापेमारी में कृषि विभाग के अधिकारी, सहायक बीज निरीक्षक, स्थानीय प्रशासन की टीम मौजूद रही ।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कृषि विभाग की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न खाद बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर अचानक छापेमारी की। विभागीय जांच के दौरान कई दुकानों पर अनियमितताएं पाई गई। जिनमें स्टॉक रजिस्टर में गड़बड़ी लाइसेंस संबंधी कमी और बिना बिल बिक्री जैसी शिकायतें शामिल रही ।जांच के दौरान विक्रेताओं के खिलाफ गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उनके लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई ।टीम द्वारा इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया ।अधिकारियों ने बताया कि किसानों के हित से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।और इस प्रकार की औचक जांच आगे भी जारी रहेंगी ।इस अभिमान में कृषि विभाग के अधिकारी सहायक बीज निरीक्षक व स्थानीय प्रशासन की टीम मौजूद रही।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के सभागार में 'संस्कार सफल माता-पिता बनना एक आदर्श माता-पिता बनननामक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मनीष मिश्रा ने बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए नैतिक समर्थन, भविष्य में आने वाली चुनौतियों, शैक्षिक, मानसिक व भावात्मक विकास में माता-पिता का संपूर्ण समर्थन तथा तकनीकी उपकरणों का प्रयोग माता-पिता की उचित देख-रेख में बच्चों दद्वारा किस प्रकार किया जाये। यह विभिन्न क्रिया कलापों द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उ?द्देश्य माता पिता और अध्यापकों को बच्चों के उज्ज्वल एवं बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था।इस आयोजन में प्रधानाचार्य वी० के राणा, उपप्रधानाचार्या डॉ० गुरमीत गुप्ता, जूनियर विंग प्रभारी डॉ० रश्मि तेवतिया तथा प्राइमरी विंग प्रभारी रिया वधवार, अध्यापक तथा अभिभावक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आयुषी अरोडा द्वारा किया गया गया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई ।इस मौके पर नगर में बैंड बाजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मोदी बाग से प्रारंभ हुई जो बाल्मिक मंदिर पर जाकर संपन्न हुई । इस मौके पर विधायक डॉ मंजू सिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, अमित कारते, सभासद सहित नगर के गणमान्य लोगों ने महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए उनके दिए गए उपदेशों को अपने जीवन में उतरने को कहा।इस मौके पर कुलदीप जीनवाल सुरेश पिवाहल रोहित चरण सुभाष विजय आदि लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक कांफ्रेंस मे रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल ने भाग लिया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** इंडियन रेडियोलोजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन (आई० आर०आई०ए०) ने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (एस०जी०पी०जी०आई०) लखनऊ में दो दिवसीय 37वीं वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जो कि ह्लगर्भावस्था में अल्ट्रासाउंड एवं मांसपेशियों के अल्ट्रासाउंडह्व पर केंद्रित रहा । इसमें भारत के विभिन्न स्थानों से 500 से अधिक रेडियोलोजी विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। शहर मोदीनगर की रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल भी इसमें आमंत्रित थीं जिन्होंने वहाँ दो लेक्चर एवं एक वर्कशॉप संचालित की । उनके लेक्चर्स और वर्कशॉप को खूब सराहा गया और उनको स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया । आई आर आई ए का यह वार्षिक कार्यक्रम एक सम्मानित अवसर है । जिसमें पिछले कई वर्षों से डॉ प्राची सिंघल को लगातार आमंत्रित किया जाता रहा है । डॉ प्राची ने बताया कि अपने अनुभव व ज्ञान को साझा करने से उन्हें और पढ़ते रहने और अपडेट होने की प्रेरणा मिलती है । डॉ प्राची लगातार रिसर्च एवं नई गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ही कार्य करने का प्रयास करती हैं । वो कहती हैं कि हमारी रिपोर्ट्स नए गाइडलाइन्स व नए मानदंडों पर आधारित हैं जो कि किसी भी बड़े संस्थान में होने वाली रिसर्च बेस्ड रिपोर्टों के समकक्ष ही हैं ।

# मोदीनगर केह्यह्ययाकूतपुर मवी में 17000 वर्ग मी0 में अवैध कालोनी पर चला जी0डी0ए0 का बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाज़ियाबाद मोदीनगर के याकूतपुर मावी क्षेत्र के 17 हजार वर्ग मीटर में पनप रहे अवैध कॉलोनी पर जीडीए का पिला पंजा चला और अवैध निर्माण का सफाया किया गया जीडीए के प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ईशू नेहरा , कृष्णापाल व यशवीर उर्फ बाबू , सुखपाल द्वारा याकूतपुर मवी, दिव्य ज्योति कालेज के बराबर में, निवाडी रोड, मोदीनगर गाजियाबाद के खसरा सं0-35 पर लगभग 17000 वर्गमी0 क्षेत्रफल में प्लाटिंग हेतु सड़कों का निर्माण करने के लिए मिट्टी डालने व साईड दीवार बनाने हेतु ईट चिनाई का कार्य जारी, स्थल पर कोई स्वीकृत मानचित्र एवं स्वामित्व अभिलेख नहीं दिखाए गये बताए गए नाम के अनुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है।उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडकें, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-02 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# विद्युत स्मार्ट मीटर पर क्या बोले गाजियाबाद के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल.....करे डाउनलोड ऐप बने स्मार्ट



वेलकम इंडिया

इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद गाजियाबाद के विद्युत वितरण के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया स्मार्ट मीटर के बहुत फायदे है। उपभोक्ताओं को वास्तविक समय की बिजली खपत की जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं. इसके अलावा यह बिजली चोरी को रोकने में सहायक है और बिजली बिल की स्वचालित गणना होने से त्रुटि की संभावना भी कम हो जाती है. उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रखने की सुविधा मिलती है, साथ ही बिजली कटौती की जानकारी भी पहले से मिल जाती है. इसके साथ ही स्मार्ट मीटर में लोड मैनेजमेंट की सुविधा भी है, जो अधिक बिजली खपत होने पर उपभोक्ताओं को अलर्ट कर देती है। स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को किस्तों में बकाया बिजली बिल का भुगतान करने की सुविधा दी जा रही है, जिससे उन्हें एकमुश्त भुगतान की आर्थिक परेशानी से मुक्ति मिल रही है. यदि किसी कारणवश बिजली का कनेक्शन कट जाता है, तो उपभोक्ता मीटर में लगे पुश बटन से 72 घंटे के लिए बिजली चालू कर सकते हैं. यह सुविधा महीने में एक बार मिलेगी।

# हैबतपुर के डूब क्षेत्र में चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुल्डोजर

वेलकम इंडिया

- करीब 10,000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया
- शिवम एंक्लेव में कार्रवाई, 700 मीटर सीवर लाइन को भी तोड़ा
- एनजीटी के आदेश पर प्राधिकरण ने हिंडन किनारे की कार्रवाई

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने डूब एरिया में बने शिवम एंक्लेव के करीब 10 हजार वर्ग मीटर डूब एरिया पर हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। अवैध रूप से बने करीब 10 घरों को तोड़ दिया गया। एनजीटी के आदेश पर सीईओ एनजी रवि कुमार के निदेर्शानुसार ग्रेनो प्राधिकरण के परियोजना व भूलेख विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। लोगों ने हिंडन के किनारे कालोनाइजरों से जमीन लेकर घर बना लिए थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वह एरिया चाहे डूब क्षेत्र ही क्यों न हो। एसीईओ ने लोगों से भी अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। दरअसल, डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने सिंचाई विभाग से कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी थी। प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में होने के नाते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व सिंचाई विभाग ने पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम हैबतपुर के खसरा संख्या 180, 181, 184, 194, 195, 196, 198, 199, 201, 202, 206, 211 और 212 की जमीन हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में स्थित है। डूब क्षेत्र होने के बावजूद कालोनाइजर चोरी-छिपे प्लॉटिंग कर रहे हैं। शिवम एंक्लेव के नाम से अवैध कालोनी बसा रहे थे। दूरदराज से रोजगार की तलाश में आने वाले लोग घर की चाहत में इन कालोनाइजरों से जमीन खरीद कर निर्माण कर लिए थे। इन लोगों को प्राधिकरण की तरफ से नोटिस भी जारी अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। एनजीटी के आदेश पर प्राधिकरण के परियोजना विभाग, सिंचाई विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। इस कार्रवाई में 10 से अधिक निर्मित घर और 15 बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया। सुबह करीब 7 बजे से कार्रवाई शुरू हुई और दो घंटे तक चली। इस कार्रवाई में 4 जेसीबी और 3 डंफरों का इस्तेमाल किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी राम नयन सिंह, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक सीवर विभाग विनोद शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक रतिक, प्रबंधक अभिषेक सिंह, नितीश कुमार और बिजेंद्र कुशवाहा, सहायक प्रबंधक राजीव मोटला, राम किशन, भूपेंद्र त्यागी सहित पुलिस पुलिस अधिकारी दीक्षा सिंह, पुलिस बल और सिंचाई विभाग की टीम मौजूद रहे।



# जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिलाधिकारी सख्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास और प्रशासन की जवाबदेही का प्रतीक है। प्रत्येक दिन की भांति आज भी कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी महोदय के समक्ष बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। बढ़ती प्रार्थियों की संख्या यह दशार्ती है कि जनता अब प्रशासन से सीधे संवाद करने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भरोसा दिखा रही है। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थियों की बातों को अत्यंत गंभीरता और सहानुभूति के साथ सुना। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से यह भी जानकारी ली कि क्या इस विषय में पूर्व में कोई आवेदन दिया गया था और उस पर क्या कार्यवाही हुई। श्री माँदड़ ने कहा कि जनता की हर शिकायत का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी शिकायत का समाधान आधे-अधूरे रूप में न किया जाए। जहाँ आवश्यक हो, वहाँ स्थलीय निरीक्षण कर ही समाधान किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि समाधान संतोषजनक और प्रभावी रहा। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान भूमि, बिजली, जल निकासी, स्वास्थ्य एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही दूरभाष पर संपर्क किया और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## रायबरेली में दलित युवक की निर्मम हत्या पर आक्रोश

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जनपद में घटित दलित युवक की निर्मम हत्या ने पूरे प्रदेश में आक्रोश पैदा कर दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं बल्कि सामाजिक समानता और न्याय की भावना पर हमला मानी जा रही है। गाजियाबाद में इस घटना को लेकर जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने इसे भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला बताया और कहा कि समाज को एकजुट होकर इस तरह की बर्बर मानसिकता के खिलाफ आवाज उठानी होगी। अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने कहा कि रायबरेली की यह घटना न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि यह हमारे संविधान में दर्ज समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के सिद्धांतों का अपमान है। उन्होंने कहा कि दलित युवक को जातिगत घृणा से प्रेरित व्यक्ति द्वारा पीट-पीटकर मार डालना यह दशार्ता है कि समाज के कुछ हिस्से अभी भी घृणित मानसिकता में डूबे हुए हैं और प्रशासन इसे रोकने में असफल है। उन्होंने कहा कि यह हत्या देश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठाती है और जरूरी है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच किसी स्वतंत्र आयोग या उच्च न्यायालय के वर्तमान अथवा सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराई जाए ताकि दोषियों को सख्त सजा दी जा सके।

# सभी वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाना अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद जनपद में महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/कानून व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जनपद की संवेदनशील स्थिति और हालिया घटनाओं को देखते हुए ब्लैक फिल्म, काले शीशे या पर्दे लगे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व अक्सर गाडि ?ों में ब्लैक फिल्म लगाकर या पर्दे लगाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं, जिससे खासकर महिलाओं की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होता है। मिशन शक्ति अभियान के तहत अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि गाजियाबाद कमिश्नरेट के क्षेत्र में चलने वाले सभी वाहनों के शीशे पारदर्शी हों और किसी भी प्रकार की ब्लैक फिल्म या पर्दा न लगाया गया हो। श्री प्रियदर्शी ने स्पष्ट किया कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है और इसके उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता-2023 (बीएनएस) की धारा 223ए के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश 2 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया है और यह 60 दिनों की अवधि, अर्थात 30 नवंबर 2025 तक लागू रहेगा, जब तक कि इसे पहले वापस न लिया जाए। पुलिस प्रशासन ने यह भी कहा है कि चूंकि इस आदेश की सूचना सभी वाहन मालिकों को व्यक्तिगत रूप से देना संभव नहीं है, इसलिए इसे जनहित में पूर्व निर्धारित रूप से जारी किया गया है। आदेश की प्रतियां सभी पुलिस उपायुक्त कार्यालयों, तहसीलों, थानों तथा नगर निगम कार्यालयों के सूचना पटों पर चिपकाई जाएंगी ताकि आम जनता को इसकी जानकारी दी जा सके। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस आदेश का पूर्णतः पालन करें और अपने वाहनों से तत्काल ब्लैक फिल्म या पर्दे हटा दें। उन्होंने कहा कि यह कदम केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और समाज में पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस पहल है। पुलिस ने यह भी संकेत दिया है कि आदेश के पालन की निगरानी के लिए विशेष टीमों का गठन किया जा रहा है, जो विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की जांच करेंगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद पुलिस प्रशासन का यह आदेश जनता के हित में जारी किया गया है ताकि शहर में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और महिलाएं सुरक्षित महसूस करें।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं में बढ़ी जागरूकता, नारी सुरक्षा व सम्मान पर विशेष कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर गाजियाबाद में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यावती मुकुन्दलाल डिग्री कॉलेज, दयानंद नगर, के परिसर में बुधवार को कार्यक्रम हुआ, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक अभियोजन प्रजेश कुमार पांडेय ने की। इस कार्यक्रम में सहायक अभियोजन अधिकारी उत्तम त्रिपाठी, सुश्री कविता रानी, तथा अभियोजन अधिकारी दूधनाथ और अमृतलाल ने छात्राओं और अध्यापिकाओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने मिशन शक्ति अभियान की भावना को दोहराते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने छात्राओं से अपील की कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी भी प्रकार का मानसिक या शारीरिक शोषण, उत्पीड? या दुर्व्यवहार किया जाता है, तो वे संकोच न करें और तुरंत इसकी सूचना अपने विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों या नजदीकी पुलिस थाने को दें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त, नंदग्राम उपासना पांडेय ने छात्राओं को विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112, 1076) तथा ऑनलाइन शिकायत पोर्टल्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए कई प्रभावी तंत्र बनाए गए हैं, जिनका उपयोग हर छात्रा को करना चाहिए। श्रीमती पांडेय ने यह भी कहा कि आज की नारी सिर्फ सुरक्षा की नहीं, बल्कि स्वावलंबन और नेतृत्व की प्रतीक है।

## सुंदरदीप समूह के बीसीए और बी.टेक छात्रों ने की उद्योगिक यात्रा

**गाजियाबाद।** शिक्षा और तकनीकी नवाचार के संगम को साकार करते हुए सुंदरदीप समूह संस्थान के बीसीए (कंप्यूटर अनुप्रयोग स्नातक) एवं बी.टेक (तकनीकी स्नातक) अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं ने बुधवार को ड्यूकाट में एक विशेष उद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्रियल विजिट) किया। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। इस उद्योगिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल विपणन (डिजिटल मार्केटिंग), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), रोबोटिकी (रोबोटिक्स) और मानवरहित विमान (ड्रोन) तकनीक के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना था।

# 10 से 18 अक्टूबर तक संजय नगर के रामलीला ग्राउंड में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला प्रदर्शनी 2025

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गाजियाबाद में 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक रामलीला ग्राउंड, सेक्टर 23, संजय नगर में स्वदेशी मेला प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन हाल ही में सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 की तर्ज पर किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के कारीगरों, उद्यमियों और शिल्पियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। यह मेला न केवल स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन का केंद्र बनेगा, बल्कि यह ग्रामीण एवं शहरी अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का अवसर भी प्रदान करेगा। इस स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटी कला बोर्ड, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद), विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से जुड़े लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूहों और वित्त पोषित इकाइयों के स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में हस्तशिल्प, वस्त्र (टेक्सटाइल), मिट्टी कला, घरेलू उत्पाद, हर्बल वस्तुएँ, जूट उत्पाद, पारंपरिक आभूषण और ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। यह आयोजन न केवल स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय शिल्पकारों को मार्केटिंग और ब्रांडिंग का अवसर भी प्रदान करेगा। स्वदेशी मेले की तैयारियों की रूपरेखा तय करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग विभाग, पुलिस, नगर निगम, विद्युत विभाग, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्योहारों से पहले हरे-भरे रंग में रंगेगा गाजियाबाद, निगम ने छेड़ी हरियाली की नई मुहिम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीपावली से पूर्व पूरे शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से गाजियाबाद नगर निगम ने शहर के मुख्य मार्गों, ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज के सौंदर्यकरण का बड़ा अभियान शुरू कर दिया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में यह अभियान सभी जोनों में तेजी से जारी है। उद्यान विभाग की टीमें सुबह से लेकर शाम तक शहर की हर प्रमुख सड़क को सजाने में जुटी हैं ताकि त्योहारी सीजन में गाजियाबाद की सड़कों की हरियाली आगंतुकों को आकर्षित करे और शहर की छवि एक स्वच्छ एवं हरित नगर के रूप में और निखरे। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों कलेक्ट्रेट आरडीसी फ्लावर से पुलिस लाइन, विवेकानंद नगर से संजय नगर फ्लाईओवर, वैशाली रामप्रस्थ रोड, पुष्पांजलि हॉस्पिटल से वैशाली सेक्टर-16, नंदी पार्क से जीटी रोड, वैशाली सेक्टर-1 से गुरुद्वारा पुलिया, सेक्टर-3 आयकर भवन से सेक्टर-2 सेंट्रल वर्ज, एयरपोर्ट रोड से दिल्ली बॉर्डर तक, वसुंधरा सेक्टर-2क्क से गार्डेनिया सोसायटी, मेवाड़ सेंट्रल वर्ज, ह॥-9 से डायमंड फ्लाईओवर, तथा हिंडन फ्लाईओवर से मेरठ रोड तिराहे तक हरे-भरे पौधों और कारपेट घास से सुसज्जित किया जा रहा है। इन स्थानों को ऐसे डिजाइन के साथ सजाया जा रहा है जिससे शहर का सौंदर्य दीर्घकाल तक बना रहे और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिले। उद्यान विभाग प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली से पहले शहर की ग्रीन बेल्ट को सजाने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से विशेष प्रजातियों के पौधे मंगाए गए हैं।

## डासना में 34 वर्षीय आसिफ की निर्मम हत्या, पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल

**गाजियाबाद।** डासना क्षेत्र के मोहल्ला बड़ा बाजार में रहने वाले 34 वर्षीय आसिफ की मंगलवार रात निर्मम हत्या ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। जानकारी के अनुसार, आसिफ निमार्णाधीन मकानों के लेंटर का जाल बांधने का काम करता था और रोज की तरह मंगलवार शाम लगभग 8 बजे अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। जब वह मयूर विहार स्थित सिकरोड़ा रेलवे फाटक के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से घात लगाए तीन युवकों ने उसे रोक लिया। बताया जा रहा है कि किसी पुरानी रंजिश या कहासुनी को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। कुछ ही पल में स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दो हमलावरों ने आसिफ को पकड़ लिया।

# हिंडन एयर बेस पर 93वां वायुसेना दिवसः राफेल, सुखोई और स्वदेशी हथियारों के साथ शक्ति का भव्य प्रदर्शन

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** भारतीय वायुसेना ने अपने 93वें वायुसेना दिवस के अवसर पर बुधवार को हिंडन एयर बेस पर भव्य परेड का आयोजन किया। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना ने अपने उच्च तकनीकी कौशल और परिचालन शक्ति का जोरदार प्रदर्शन किया। परेड में राफेल, सुखोई, मिग-29 जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों के साथ-साथ स्वदेशी नेत्रा, सी-17 ग्लोबमास्टर, स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, सी-130जे हरक्यूलिस, लॉन्गबो रडार से सुसज्जित अपाचे अटैक हेलीकाप्टर और एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर का भी प्रदर्शन किया गया। इससे पहले, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने भारतीय वायुसेना, थल सेना और नौसेना के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस समारोह में बल की परिचालन क्षमता, बढ़ती तकनीकी क्षमताओं और वर्षों से निभाई गई मानवीय भूमिका का भव्य प्रदर्शन किया गया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम 'सक्षम' रखी गई है, जो सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की दिशा को दशार्ती है। यह दिवस विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के वीर योद्धाओं को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर 97 वीरता पुरस्कार भी प्रदान किए गए। भारतीय वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि सावधानीपूर्वक योजना, अनुशासित प्रशिक्षण और दृढ़ निश्चय के साथ क्या-क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वायुसेना की ताकत और कौशल हमेशा देश की सुरक्षा और नागरिकों की भलाई के लिए समर्पित रहेगा। वायुसेना प्रमुख ने हिंडन एयर बेस पर परेड का निरीक्षण किया और वायुवीरों को सम्मानित किया।

# डेंगू व मलेरिया की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के क्रम मे जीडीए की मुहिम तेज

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा,गाजियाबाद।** देश की राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देशन में डेंगू की रोकथाम हेतु विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्राधिकरण की देखरेख वाली कालोनियों – मधुबन बापूधाम, तुलसी निकेतन और कोयल एन्क्लेव सहित राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में फॉगिंग की जा रही है। साथ ही स्थानीय निवासियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्राधिकरण ने इस कार्य में जिला स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग लिया है ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित रूप से डेंगू नियंत्रण की कार्रवाई की जा सके। इसी क्रम में, निजी बिल्डरों द्वारा विकसित टाउनशिपों में जहाँ एओए का गठन हो चुका है, उन सभी एओए प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि वे डेंगू रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाएँ और आवश्यक एहतियाती कदम तत्काल उठाएँ। प्राधिकरण ने अडअ सेल को भी निर्देशित किया है कि सभी एओए/आरडब्ल्यूए को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें और उनके अनुपालन की नियमित समीक्षा करें।



जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य न केवल शहर का विकास है बल्कि नागरिकों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे डेंगू की रोकथाम के इस जनअभियान में सक्रिय सहयोग दें।



# डेंगू-मलेरिया पर जीडीए का बड़ा अभियान, नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में डेंगू के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए बुधवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में तेजी से चलाया जा रहा है। जीडीए की ओर से बताया गया कि इस अभियान के तहत मधुबन बापूधाम, तुलसी निकेतन, कोयल एन्क्लेव और राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र सहित विभिन्न कॉलोनियों में धुआँ छिड़काव (फॉगिंग) की जा रही है ताकि मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सके। साथ ही स्थानीय निवासियों को डेंगू-मलेरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिंगल, प्रचार वाहन, बैनर, पोस्टर और माइक प्रचार के माध्यम से लोगों तक जानकारी पहुँचाई जा रही है। प्राधिकरण ने इस अभियान में जिला स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग लिया है ताकि सभी क्षेत्रों में एकजुटता के साथ कार्य किया जा सके और डेंगू नियंत्रण की कार्रवाई अधिक प्रभावी हो। इसी क्रम में जीडीए ने निजी बिल्डरों द्वारा विकसित टाउनशिपों में जहाँ अपार्टमेंट स्वामी संघ (एओए) का गठन हो चुका है, उन सभी एओए को सतर्कता बरतने और अपने परिसर में सफाई व रोकथाम संबंधी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। एओए को कहा गया है कि वे अपने क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई कराएँ, कूलरों, टंकियों, बाल्टियों और गमलों में जमा पानी को समय-समय पर बदलें और कहीं भी जलभराव न होने दें।